• जयपुर, सोमवार, 29 जुलाई 24 • वर्ष 13 • अंक 331 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950
दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम
# चमकता राजस्थान
विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान द्वारा ×फ़ूड सेफ़्टी एवं हायजीन पर...
पेज @4 लुटेरी दुल्हन का भाई सहित एक अन्य आरोपी गिरफ्तार...
पेज @8 » धरती मां गहरी संकट में है, सभी को एक पेड़ मां के नाम...

# संत श्री दुलाराम गुलरिया राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन

चमकता राजस्थान

**नोखा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को गांव में मूलवास-सीलवा में संत श्रीदुलाराम कुलरिया राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। चिकित्सालय ाकानिर्माणकरीब 15 करोड़ की लागत से दुलाराम कुलरिया के परिवार ने किया है। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भाजपा विकास कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के काम भी करती है।

सीएम ने कहा कि पुण्य कार्यों में सरकार भामाशाहों का साथ देगी। उन्होंने आ''ान किया कि गोसेवा, चिकित्सा, शिक्षा के लिए भामाशाह आगे आएं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बजट में केवल घोषणाएं कीं, उन्हें पूरा नहीं किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अर्जुनराम मेघवाल और प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लोकार्पण के पश्चात निःशुल्क दवा केन्द्र एवं वार्डों का अवलोकन कर परिसर में ही पौधारोपण किया तथा एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से भामाशाह कुलरिया परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## दार्जिलिंग का है आरोपी

बारिश के मौसम में पुलिस ने जब ग्राउंड में चेक किया तो कुछ मोबाइल फोन जमीन में गड़े मिले. उन्हें बारिश से बचाने के लिए पॉलीथीन में डालकर गाड़ा गया था. वहीं कुछ कैदियों के पास से भी मोबाइल जब्त हुए हैं. कुल मिलाकर जांच टीम को जेल से 10 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं. जेल में सुरक्षा की सेंध के मामले में जेल अधीक्षक समेत तीन लोगों को सस्पेंड किया गया है. पुलिस ने जांच में पाया कि दार्जिलिंग का रहने वाला नीमो ही वह आरोपी है जिसने सीएम भजन लाल को जान से मारने की धमकी दी थी. सीएम भजन लाल को धमकी के मामले में दौसा जेल में हुए सर्च ऑपरेशन में जेल प्रशासन की भारी लापरवाही सामने आई है. जेल के अंदर से जहां एक भी मोबाइल फोन रखने की अनुमति नहीं है वहां से एक दो नहीं बल्कि 10 मोबाइल मिले हैं. इतनी बड़ी लापरवाही के चलते डीआईजी जेल मोनिका अग्रवाल ने जेल अधीक्षक कैलाश शर्मा, जेल प्रहरी बिहारी लाल और जेल प्रहरी अवधेश को सस्पेंड कर दिया है.

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को जान से मारने की धमकी, दौसा जेल में मिला आरोपी

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने दौसा जेल की तलाशी ली है. जेल के अंदर से 10 मोबाइल फोन जब्त हुए हैं. जेल डीआईजी ने इस मामले में जेल अधीक्षक समेत 3 कर्मियों को सस्पेंड किया है. जान से मारने की धमकी के मामले में जब जांच की गई तो पता चला कि फोन दौसा जिले की केंद्रीय कारागार से आया था. पुलिस ने इस मामले में जेल के अंदर तलाशी ली तो पुलिस के होश उड़ गए. जेल के अंदर करीब 10 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. कॉलर ने शनिवार देर रात जयपुर कंट्रोल रूम में कॉल किया था और सीएम भजन लाल शर्मा को जान से मारने की धमकी दी थी. इसके बाद जयपुर पुलिस, दौसा पुलिस और जेल प्रशासन के अधिकारी दौसा के श्यालावास स्थित केंद्रीय कारागार पहुंचे. यहां पर सभी बैरकों और बाकी जगहों की बारीकी से तलाशी ली गई. तलाशी में एक के बाद एक पुलिस को 10 मोबाइल फोन मिले हैं.

न्यूज़ अपडेट

## आईएएस कोचिंग में 3 बच्चे डूब के मरे! सड़क पर उतरे छात्र, दो गिरफ्तार

**नईदिल्ली/एजेंसी।** नई दिल्ली में एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में भारी बारिश के बाद भरे पानी में डूबने से तीन छात्रों की मौत हो गई है. इस मामले में दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है. वहीं दो लोगों की गिरफ्तारी की गई है. एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा बचाव अभियान के दौरान घटनास्थल से एक छात्रा का शव बरामद किया गया है. हालांकि, दो छात्रों का शव अभी भी लापता हैं.

दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुताबिक, शाम करीब 7 बजे ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी सेंटर से उन्हें जलभराव की शिकायत का फोन आया. जिसके बाद टीम फौरन मौके पर पहुंची और बचाव और राहत कार्य शुरू किया.

दिल्ली की मंत्री आतिशी का कहना है कि, अग्निशमन विभाग और एनडीआरएफ की एक टीम घटनास्थल पर मौजूद है. आतिशी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि, वह घटना पर पल-पल की अपडेट ले रही हैं. यह घटना कैसे हुई इसकी जांच के लिए मजिस्ट्रेट को आदेश दे दिया गया है. उन्होंने कहा कि, इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा.

मालूम हो कि, पुराना राजेंद्र नगर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए कोचिंग सेंटरों का केंद्र है. यहां हर साल देशभर से लाखों बच्चे आईएएस-आईपीएस बनने का सपना लिए दिल्ली पहुंचते हैं.

पेरिस ओलंपिक में भारत का खुला खाता

# मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता कांस्य



- ओलिंपिक के इतिहास में निशानेबाजी में पदक दिलाने वाली पहली भारतीय महिला बनी

एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में इतिहास रचते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लिया है। ओलिंपिक के इतिहास में निशानेबाजी में पदक दिलाने वाली मनु पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने फाइनल में 221.7 अंक के साथ कांस्य जीता।

फाइनल में मनु भाकर ने वियतनाम, तुर्की, कोरिया, चीन, और हंगरी के खिलाड़ियों से मुकाबला करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। कोरिया की जिन ने ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक। उनकी हमवतन किम येजी ने 241.3 अंक से साथ रजत मेडल जीता।

आज जहां दिग्गज निशानेबाजों ने निराश किया। मनु भाकर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। वह 580 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97, तीसरी में 98, चौथी में 96, 5वीं में 96 और छठी में 96 अंक हासिल किए थे।

## मनु भाकर को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारत के खिलाड़ियों ने तिरंगा की शान बढ़ाते हुए पदक प्राप्त करने की शुरुआत कर दी है। इन स्पर्धाओं में 10 मीटर एयर पिस्टल में भारतीय महिला खिलाड़ी मनु भाकर ने कांस्य पदक हासिल किया है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और देश के अन्य नेताओं ने उन्हें इसके लिए उन्हें बधाई दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाली मनु भाकर को हार्दिक बधाई। वह शूटिंग प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। भारत को मनु भाकर पर गर्व है। उनकी यह उपलब्धि कई खिलाड़ियों, विशेषकर महिलाओं को प्रेरित करने वाली है। वे कामना करती हैं कि वह भविष्य में उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों को छुएं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, यह एक ऐतिहासिक पदक है। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए पहला पदक जीतने पर मनु भाकर को बधाई हो। यह सफलता और भी खास है क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। एक अविश्वसनीय उपलब्धि है।

# विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी मिलकर करें काम: पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में केंद्र और सभी राज्यों के मिलकर लोक कल्याण के लिए काम करने का आ''ान करते हुए कहा है कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती से लोक कल्याण के समन्वित प्रयासों में लगती हैं तो विकसित भारत का लक्ष्य निश्चित तौर पर हासिल हो जाएगा।



प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पार्टी मुख्यालय में भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की दो दिवसीय बैठक का रविवार को समापन हो गया। भाजपा सुशासन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय सहस्त्रबुद्धे ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के समापन सत्र में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास जताया है कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती से लोक कल्याण के समन्वित प्रयासों में लगती हैं तो विकसित भारत का लक्ष्य हम निश्चित हासिल कर पाएंगे। विरासत का विकास और विकास की विरासत का निर्माण, इन दोनों का हमारी विकसित भारत की संकल्पना में विशेष महत्व है। इसका भी ध्यान हम सभी को निरंतर रखना चाहिए। विनय सहस्त्रबुद्धे ने आगे बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति में हुई मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में भाजपा शासित सभी राज्यों के 13 मुख्यमंत्री और पार्टी के 15 उपमुख्यमंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा के सुशासन के एजेंडे के तहत इस तरह की मुख्यमंत्री परिषद का आयोजन समय-समय पर होता आया है।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष को बधाई



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ से मुलाकात कर उनको शुभकामनाएं दी।

तलाश खत्म › जल्द ही सेना को परीक्षण के लिए मिलेगा बख्तरबंद लड़ाकू वाहन

# स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर का पहला प्रोटोटाइप तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन की सीमा पर पहाड़ी इलाकों के लिए उपयुक्त तेज बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों की तलाश पूरी हो गई है। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने डीआरडीओ के सहयोग से ढाई साल के भीतर स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर का पहला प्रोटोटाइप तैयार कर लिया है। दो साल तक परीक्षण होने के बाद 2027 तक इसे सेना में शामिल कर लिया जाएगा। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ कच्छ के रण जैसे नदी क्षेत्रों में भी इन हल्के टैंकों को तेजी से तैनात किया जा सकता है।

पूर्वी लद्दाख में टकराव के बाद भारतीय सेना ने चीन को चौतरफा घेरने के लिए एलएसी पर 40 से 50 टन वजन वाले रूसी मूल के भीष्म टी-90, टी-72 अजय और मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन भी तैनात कर रखे हैं। लद्दाख के ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए सेना के जवानों को कई दर्रों से गुजरना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ऑपरेशन के दौरान आवश्यकता पड़ने पर टी-72 और अन्य भारी टैंक उस स्थान तक नहीं पहुंच सकते हैं। इसलिए उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए हल्के वजन वाले टैंकों की जरूरत महसूस की गई, ताकि इन्हें 8 से 10 हजार फीट की ऊंचाई पर ले जाया जा सके।

- उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों में तैनात किये जा सकेंगे टैंक जोरावर
- दो साल तक परीक्षण होने के बाद 2027 तक सेना में होंगे शामिल



### हजीरा प्लांट में के-9 वज्र टैंक किया तैयार

भारत ने खुद 'प्रोजेक्ट जोरावर' के तहत 25 टन से कम वजन वाले 354 टैंकों का निर्माण करने का फैसला लिया। सैद्धांतिक रूप से डीआरडीओ को 2021 के अंत तक 354 टैंकों की आवश्यकता में से 59 का निर्माण करने के लिए हरी झंडी दे दी गई थी। इसके बाद डीआरडीओ ने हल्के टैंकों को विकसित किया और एलएंडटी को इसके निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। डीआरडीओ और एलएंडटी ने टैंक की डिजाइन तैयार की है, के-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टी 155 मिमी की चेसिस पर आधारित है। एलएंडटी ने ही गुजरात के हजीरा में एलएंडटी के प्लांट में के-9 वज्र टैंक तैयार किया है।

### 2027 तक सेना के बेड़े में होगा शामिल

अब एलएंडटी ने डीआरडीओ के सहयोग से ढाई साल के भीतर स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर का पहला प्रोटोटाइप तैयार कर लिया है, जिसका अनावरण 6 जुलाई को किया गया था। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ कच्छ के रण जैसे नदी क्षेत्रों में भी इन हल्के टैंकों को तेजी से तैनात किया जा सकता है। ये सभी टैंक हल्के होने के साथ-साथ बेहतर मारक क्षमता और सुरक्षा प्रदान करने वाले होंगे। डीआरडीओ प्रमुख डॉ. कामत ने कहा कि पहला प्रोटोटाइप अगले छह महीनों में विकास परीक्षणों से गुजरेगा और फिर भारतीय सेना को दिसंबर तक उपयोगकर्ता परीक्षण के लिए सौंप दिया जाएगा। परीक्षण पूरे होने में संभवत: दो साल लगेंगे और इसके बाद 2027 तक इसे सेना के बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा।

कोल्हापुर जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर

# 34 लोग बचाए गए, सात हजार लोग स्थानांतरित

एजेंसी

**मुंबई।** कोल्हापुर जिले के कई शहरों में बाढ़ का पानी घुस जाने से यहां की स्थिति खराब होती जा रही है। पंचगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 43 फीट से बढ़ कर 47.8 फीट तक पहुंच कर स्थिर हो गया है। 40 से अधिक सड़कें बंद कर दी गई हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है।

बाढ़ प्रभावित स्थलों पर फंसे 34 लोगों को बचाव दल ने सुरक्षित निकाल लिया है। जबकि 7,000 लोग स्थानांतरित किए गए हैं। एनडीआरएफ की दो टीमें और फायर ब्रिगेड के जवान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों के बीच बचाव अभियान चला रहे हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह से बारिश नहीं हो रही है लेकिन राधानगरी और बांधों से पानी का विसर्ग पंचगंगा नदी में किया जा रहा है, जिससे नदी का जलस्तर बढ़ने की आशंका है। हालांकि रविवार को सुबह राधानगरी बांध के दो स्वचालित गेट बंद कर दिये गए फिलहाल बांध के सिर्फ दो गेट से पानी का विसर्ग जारी रखा गया है। पंचगंगा का जलस्तर जो शुक्रवार को 46.4 फीट था, वह शनिवार की रात 9 बजे 47.8 फीट पर पहुंच गया, जो स्थिर बना हुआ है।

# प्रकृति, शिव और समाज से जोड़ती है कांवड़ यात्रा

कांवड़ का अर्थ है परात्पर शिव के साथ विहार। अर्थात ब्रह्म यानी परात्पर शिव, जो उनमें रमण करे वह कांवड़िया। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में लाखों की तादाद में कांवड़िए दूर-दराज से आते हैं और अपने आसपास के स्थानों से गंगा जल भरते हैं, तत्पश्चात पदयात्रा कर अपने-अपने स्थानों को वापस लौट जाते हैं। इसी यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है। फिर चतुर्दशी के दिन उस गंगा जल से अपने आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है और शिव जी से अपनी और अपनों की सुख शांति की प्रार्थना की जाती है। कहने के लिए तो ये बस एक धार्मिक आयोजन मात्र है, लेकिन इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व बहुत है। इसका सामाजिक सरोकार भी है। कांवड़ के माध्यम से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रूपी शिव की आराधना के लिए है। जल आम आदमी के साथ-साथ पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, धरती में निवास करने वाले हजारों-लाखों तरह के कीड़े-मकोड़ों और समूचे पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक तत्व है।

उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहां के मैदानी इलाकों में मानव जीवन नदियों पर ही आश्रित है। कांवड़िए जलस्रोत से एक बार जल भरकर उसे अभीष्ट कर्म के पूर्व अर्थात शिवजी को अर्पण करने के पहले भूमि पर नहीं रखते हैं। इसके मूल में भावना यह है कि जलस्रोत से प्रभु को सीधे जोड़ा है जिससे धारा प्राकृतिक रूप से उन पर बनी रहे एवं उनकी कृपा हमारे ऊपर भी सतत धारा के अनुसार बहती रहे जिससे संसार सागर को सुगमता से पार किया जा सके। भोलेनाथ के भक्त यूं तो साल भर कांवड़ चढ़ाते रहते हैं, लेकिन सावन में इसकी धूम कुछ ज्यादा ही रहती है क्योंकि यह मास भगवान शिव को समर्पित है। अब तो उत्तर भारत में खासतौर पर दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी व पूर्वी यूपी में कांवड़ यात्रा एक पर्व कुंभ मेले के समान एक महाआयोजन का रूप ले चुकी है। काशी और देवघर में भी कांवड़ यात्रा का खासा महत्व है। पिछले डेढ़ दशक में कांवड़ यात्रा की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बहुत कम लोग जानते हैं कि भगवान शिव पर सबसे पहले कांवड़ किसने चढ़ाया और इसकी शुरूआत कैसे हुई। कुछ कथाओं के भगवान परशुराम ने अपने आराध्य देव शिव के नियमित पूजन के लिए पुरा महादेव में मंदिर की स्थापना कर कांवड़ में गंगाजल से पूजन कर कांवड़ परंपरा की शुरूआत की, जो आज भी देशभर में काफी प्रचलित है। कांवड़ की परंपरा चलाने वाले भगवान परशुराम की पूजा भी श्रावण मास में की जानी चाहिए। पौराणिकता मान्यता है कि कांवड़ यात्रा एवं शिवपूजन का आदिकाल से ही अन्योन्याश्रित संबंध है।

महाकवि कालिदास ने हिमालय को शिव का प्रतिरूप बताते हुए इसके सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक महत्त्व को रेखांकित किया है। यों भी कह सकते हैं कि कांवड़ यात्रा शिव के कल्याणकारी रूप और निष्ठा के नीर से उसके अभिषेक को तीव्र रूप में प्रतिध्वनित करती है। उत्तर भारत में भी गंगाजी के किनारे के क्षेत्र के प्रदेशों में कांवड़ का बहुत महत्व है। राजस्थान के मारवाड़ी समाज के लोगों के यहां गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ के तीर्थ पुरोहित जो जल लाते थे और प्रसाद के साथ जल देते थे, उन्हें कांवड़िए कहते थे। ये लोग गोमुख से जल भरकर रामेश्वरम में ले जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते थे। दरअसल, यह एक प्रचलित परंपरा थी। लगभग 6 महीने की पैदल यात्रा करके वहां पहुंचा जाता था। इसका पौराणिक तथा सामाजिक दोनों महत्व है। इससे एक तो हिमालय से लेकर दक्षिण तक संपूर्ण देश की संस्कृति में भगवान का संदेश जाता था। इसके अलावा भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की लौकिक और शास्त्रीय परंपराओं के आदान-प्रदान का बोध होता था, लेकिन अब इस परंपरा में परिवर्तन आ गया। कांवड़ यात्रा का धार्मिक महत्व तो जगजाहिर है, लेकिन इस कांवड़ यात्रा से वैज्ञानिकों ने उत्तम स्वास्थ्य भी जोड़ दिया है। प्रकृति के इस खूबसूरत मौसम में जब चारों तरफ हरियाली छाई रहती है तो कांवड़ यात्री भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए पैदल चलते हैं। पैदल चलने से हमारे आसपास के वातावरण की कई चीजों का सकारात्मक प्रभाव हमारे मन मस्तिष्क पर पड़ता है। चारों तरफ फैली हरियाली आंखों की रोशनी बढ़ाती है। वहीं ओस की बूंदे नंगे पैरों को ठंडक देती हैं तथा सूर्य की किरणें शरीर को रोगमुक्त बनाती हैं। ये यात्रा प्रकृति और मानव के संबंधों में नई उष्मा, निकटता एवं प्रेम को बढ़ाती है। डॉक्टरों के मुताबिक धार्मिक चेतना से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कांवड़ यात्रा स्वास्थ्यप्रद होती है। पैदल, नाचते-गाते और दौड़ लगाते हुए शिवभक्त जाते हैं। इससे शरीर में खुशी के हार्मोंस जेनरेट होते हैं। व्यक्ति तनाव मुक्त हो जाता है। पैदल चलने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं और हार्ट और फेफड़ों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। पवित्र गंगा को स्वर्ग अर्थात पहाड़ों से पृथ्वी अर्थात मैदानी इलाकों में लाने के लिए महान शिव के द्वारा जिस श्रमदान का आयोजन किया गया वह उस समय अत्यंत दुष्कर कृत्य रहा होगा।

पर्वतों के बीच गमन करना और श्रमदान करना निश्चित ही कोई सुगम कार्य नही रहा होगा। कितने ही किसान-श्रमिक कर्तव्य की बलिवेदी पर न्योछावर हुए होंगे। यह बात वह शिव भक्त कांवड़िये आसानी से समझ सकते हैं जो गोमुख या उसके भी ऊपर ऊंचाइयों से जल लाने हेतु पैदल पद यात्रा करते हैं। उसी महान श्रमदान की स्मृति आज भी कांवड़ के विशाल आयोजन में संरक्षित दिखाई पड़ती है। संभवतः हताहत तथा कालकलवित हुए कृषकों व श्रमिकों की आत्मा की शांति की कामना के लिए उसी पवित्र जल से शिव को जलाभिषेक करने की उज्जवल परम्परा का विकास कांवड़ यात्रा में कहीं न कहीं दृष्टिगोचर होता है। इस तथ्य से यह भी जाना जा सकता है कि जो जल हमें आज इतनी आसानी से प्राप्त है वह कितना मूल्यवान है। नदियों से दूरदराज रहने वाले लोगों को पानी का संचय करके रखना पड़ता है। हालांकि मानसून काफी हद तक इनकी आवश्यकता की पूर्ति कर देता है तदापि कई बार मानसून का भी भरोसा नहीं होता है। ऐसे में बारहमासी नदियों का ही आसरा होता है, इसके लिए सदियों से मानव अपने इंजीनियरिंग कौशल से नदियों का पूर्ण उपयोग करने की चेष्टा करता हुआ कभी बांध तो कभी नहर तो कभी अन्य साधनों से नदियों के पानी को जल विहिन क्षेत्रों में ले जाने की कोशिश करता रहा है। लेकिन आबादी का दबाव और प्रकृति के साथ मानवीय व्यभिचार की बदौलत जल संकट बड़े रूप में उभर कर आया है।

# उतरा खुमार तो याद आया संघम् शरणम् गच्छामि!



मनोज कुमार अग्रवाल

कहते हैं कि जब तक सफलता कदम चूमती है तब इंसान भगवान को भी याद नहीं करता या यह कहिये कि सफलता का खुमार ही ऐसा है कि इंसान पहले उसे भुलाने लगता है जिसके सहयोग से सफलता प्राप्त की और भगवान को भी भुलाने लगता है लेकिन जब सफलता के रास्ते में कठिनाई या अडचन आनी शुरू होती है तो उसे सब से पहले वह भगवान या हितैषी ही याद आता है जिसे सफलता के मद भरे नशे में भुला रहा था यह सारी कहानी भारतीय जनता पार्टी के कर्ताधताओं पर भी फिट बैठती है पचास साल की जनसंघ से शुरू हुई तपस्या के बाद पहली बार मजबूती के साथ भाजपा 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथियों के साथ मिलकर सत्ता पर काबिज हुई फिर 2019 में अकेले दम पर 303 सीट हासिल कर भाजपा को अपने सामर्थ्य का अतिरंजना भरा गुरूर छाने लगा इसी के चलते अपने साथियों के साथ भी उसका रवैया बदला जिस कारण कई साथी दल भाजपा और राजग से छिटक कर किनारा कर गए 2024 के आम चुनाव सिर पर आ गए भाजपा ने राम मंदिर निर्माण के कार्य को आनन फानन में पूरा कर मंदिर निर्माण के बूते पर माहौल बना कर चुनाव जीतने की योजना बनायी 22 जनवरी 24 को श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह से जो माहौल बना वह वास्तव में अभूतपूर्व था भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अब की बार चार सौ पार का नारा दिया भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तो इतना दम्भ में भर गए कि अपनी मातृ संगठन के लिए ऐसा बयान दे दिया जो भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संबंधों को दरार पैदा करने वाला था चुनाव जैसे जैसे करीब आ रहा था राम मंदिर से पैदा ज्वार धीरे धीरे शांत होता जा रहा था उधर संघ का जमीनी कार्यकर्ता जो अपनी जेब से सूखे चने खाकर मेहनत कर भाजपा को जिताने के लिए बिना किसी निजी अपेक्षा के बिना किसी स्वार्थ कामना के जुट जाता था इस बार घर से बाहर नहीं निकला वह मान बैठा कि अब भाजपा को उस स्वयंसेवकों की जरूरत नहीं है बस 2024 में सफलता हासिल तो हुई लेकिन किनारे की यानी ऐसा जैसे 80 % अंक हासिल करने की अभिलाषा लिये परीक्षार्थी को 33% अंक हासिल होकर सिर्फ पास घोषित किया गया। देखते ही देखते भाजपा बेशक खुले तौर पर स्वीकार न करें लेकिन उसे अपनी गलतियों का अहसास होने लगा है उसे अहसास होने लगा कि नींव की जमीन धंस रही है। इस बीच आरएसएस प्रमुख ने ईशारे ईशारे में ही प्रधानमंत्री मोदी पर तीर चला कर अपनी अंदरूनी नाराजगी जताई दी। इतना सब होने पर भाजपा को



अपने भूले भगवान याद आने लगे। भाजपा को दस साल बाद याद आया कि सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के संघ से जुड़ने सदस्यता लेने या किसी भी गतिविधियों में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी करने पर छह दशक से सरकारी प्रतिबंध है। भाजपा केंद्र की राजग सरकार ने एक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा लिया है। जिसको लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन इंदिरा सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। यह भी कि वर्तमान सरकार का निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है। जानकारों का मानना है कि लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद अर्श से फर्श की ओर आते देख भाजपा की नींद खुल गई है संघ व सरकार के बीच मनमुटाव की जो खबरें आ रही थीं, हालिया फैसले को सरकार की संघ से उसी तल्खी को दूर करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। जिससे जनमानस में यह संदेश दिया जा सके कि भाजपा व संघ में किसी प्रकार का मतभेद नहीं है। वहीं आरएसएस का दावा है कि इस कदम से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। दरअसल, हाल के दिनों में संघ की तरफ से जो बयान सामने आ रहे थे, उससे लग रहा था कि भाजपा व संघ के रिश्ते खराब दौर से गुजर रहे हैं। संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने तो कहा था कि भगवान राम ने एक अहंकारी पार्टी को रोका है, जो रामभक्त होने का दावा करती है। यहां तक कि संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखा गया था कि भाजपा कार्यकताओं के अति उत्साह के चलते पार्टी के जनाधार में गिरावट आई है। साथ ही संघ प्रमुख ने बिना नाम लिये पार्टी नेतृत्व के सुपरमैन व भगवान समझने की महत्वाकांक्षा का जिक्र किया था। इन बयानों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि संघ का भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मोहभंग हो गया है। ऐसे में जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अगले साल शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है, भाजपा का यह कदम दोनों के बीच रिश्ते सामान्य करने की दिशा में उठाया गया कदम कहा जा रहा है। बहरहाल, केंद्र के इस फैसले के बाद कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में आरएसएस पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था।

आपको बता दें कि 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। आरएसएस व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। जिसके बाद इंदिरा गांधी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश समेत कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था लेकिन केंद्र सरकार के स्तर पर यह प्रतिबंध वैध बना हुआ था। इसी मामले को लेकर इंदौर की एक अदालत में वाद चल रहा था, जिसमें अदालत ने इस बाबत केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। फिर केंद्र ने एक आदेश जारी कर प्रतिबंध को खत्म करने की घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि प्रतिबंध हटाने का केंद्र का फैसला राष्ट्रहित से परे राजनीति से प्रेरित संघ के तुष्टीकरण का फैसला है। वहीं अन्य राजनीतिक दलों का भी मानना है कि सरकारी कर्मचारियों का संविधान और कानून के दायरे में रहकर निष्पक्षता के साथ जनहित और जनकल्याण के लिए काम करना जरूरी होता है। विपक्षी सेकुलरिज्म की दुहाई देकर सरकार के फैसले को अनुचित ठहरा रहे हैं और महात्मा गांधी की हत्या से लेकर अन्य तरह तरह के आरोप लगा कर इस फैसले का विरोध कर रहे हैं लेकिन वास्तव में यह फैसला देर आयद दुरूस्त आयद है आरएसएस की राष्ट्र के प्रति निष्ठा और देशभक्ति अद्वितीय है यह विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी गैर राजनीतिक संगठन है इस से जुडाव से सरकारी कर्मचारियों में देश के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की प्रेरणा का अनन्त प्रवाह बनेगा जो इस राष्ट्र को नयी उर्जा और शक्ति देगा। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# राहुल की मेहनत पर पानी फेरती पार्टी की गुटबाजी



तनवीर जाफरी

देश के सबसे प्राचीन राजनैतिक संगठन कांग्रेस ने जितनी बार विभाजन व विघटन सामना किया है उतना किसी दूसरे राजनैतिक दल को नहीं करना पड़ा। केवल विभाजन ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के जितने अवसरवादी,सत्ता लोलुप व विचार विहीन नेताओं ने दल बदल किया है और पार्टी छोड़ कर इधर उधर गए हैं उतने दल बदलू नेता भी किसी अन्य पार्टी में नहीं मिलेंगे। और विगत एक दशक से तो सत्ता ने कांग्रेस विरोध का जो तरीका निकाला है उसे देखकर तो लगता ही नहीं कि कांग्रेस का 'राजनैतिक विरोध' किया जा रहा है। बल्कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस विरोध को व्यक्तिगत रंजिश व दुश्मनी के रूप में पेश किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर 'कांग्रेस मुक्त भारत ' का नारा देना, कई कांग्रेस शासित सरकारों को डरा धमकाकर या लालच देकर गिराना व अपनी सरकार बनाना,कांग्रेस के अनेक नेताओं को किसी न किसी आरोप में उलझाकर उन्हें हतोत्साहित करने की कोशिश करना,राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करना,उनसे बांग्ला खाली करवा लेना,उनपर कई जगहों से मुकद्दमे कायम कराना, चुनाव पूर्व कांग्रेस के खाते फ्रीज करवाना,ई डी ,सी बी आई आदि का भय दिखाकर अनेक कांग्रेस नेताओं को अपने पाले में लाना, नेहरू गाँधी परिवार पर तरह तरह के झूठे लांछन लगाना, स्वयं दस वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद देश की अनेक समस्याओं के लिये नेहरू को जिम्मेदार ठहरना,राहुल गाँधी को 'पप्पू ' साबित करने के लिये करोड़ों खर्च करना व भाजपा आई टी सेल द्वारा तरह तरह के हथकंडे अपनाते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी,हिन्दू विरोधी बताना कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण व पाक परस्त होने का दुष्प्रचार करना जैसी तमाम बातें हैं जो इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान शीर्ष नेतृत्व ने कांग्रेस को समाप्त करने में अपनी तरफ से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। सत्तारूढ़ भाजपा के इसी कांग्रेस विरोधी दुष्प्रचार का परिणाम था कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस भारतीय इतिहास में अब तक सबसे कम यानी मात्र 52 सीटें ही जीत सकी। और इसी बहाने भाजपा ने कांग्रेस का विपक्ष के नेता के पद का दावा भी स्वीकार नहीं किया। कारण बताया गया कि विपक्ष के नेता के पद का दावा करने के लिए कांग्रेस आवश्यक 10% सीटें पाने में विफल रही है। उसके बाद राहुल गाँधी ने



सत्ता से डटकर मुकाबला किया। कई ज्वलंत मुद्दे उठाये। पूरे देश में दक्षिण से उत्तर यानी कन्याकुमारी से श्रीनगर व पूरब से पश्चिम अर्थात मणिपुर से मुंबई तक की 10,000 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तय की। राहुल ने इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से मुलाकात की। इन यात्राओं में राहुल के साथ देश की अनेकानेक प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुईं। उन्हें यह पद यात्रा खासतौर पर इसलिये करनी पड़ी क्योंकि देश का मीडिया सत्ता के आगे दंडवत हो चुका है। मीडिया विपक्ष की आवाज बनना या जनता की आवाज उठाना तो दूर उल्टे विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहता है। मुख्य धारा का कहा जाने वाला यही मीडिया है जिसने राहुल को पप्पू साबित करने में भाजपा व उसके आई टी सेल का पूरा साथ दिया। इसीलिये राहुल ने देश की जनता से स्वयं मिलने, व उनकी समस्याओं को सुनने का प्रयास किया। राहुल गाँधी के अनुसार 2024 का न्याय पत्र / चुनाव घोषणापत्र भी उसी पदयात्रा के दौरान निकाले गये निष्कर्षों व जनता से मिले सुझावों पर ही आधारित है। राहुल गांधी ने अपने इन्हीं अथक प्रयासों की बदौलत 2024 के लोकसभा चुनाव में न केवल कांग्रेस को 52 से बढ़ाकर लगभग 100 तक पहुँचाया है बल्कि यू पी ए की जगह नया इंडिया गठबंधन बनाकर भी सत्तारूढ़ भाजपा व राजग को कड़ी चुनौती दी है। पिछले 5 वर्षों में जितने नेताओं ने कांग्रेस छोड़ी है उतने नेता किसी अन्य पार्टी से पलायन करते तो उस दल का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। परन्तु राहुल गाँधी व प्रियंका गाँधी ने सोनिया गाँधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में अपने कौशल का लोहा मनवाकर स्वयं को अजेय समझने की गलतफहमी पालने वाले नेताओं को बैकफुट पर धकेल कर उन्हें रक्षात्मक मुद्रा में ला खड़ा किया। कांग्रेस के इस पुनरुत्थान से पूरे देश के कांग्रेस कार्यकताओं में तो जरूर जोश व उत्साह का संचार हुआ है परन्तु नेताओं की गुटबाजी है कि अभी भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। हर राज्य में कई कई मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। हर नेता मुख्यमंत्री बनने के चक्कर में अपने अधिक से अधिक समर्थकों को टिकट दिलाना चाहता है भले ही वह विजयी होने की स्थिति में हो या न हो। कोई स्वयं मुख्यमंत्री रह चुका है तो वह अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाह रहा है। जिसे पार्टी टिकट नहीं देती वह दूसरे दल में यहाँ तक कि विचारधारा के मामले में धुर विरोधी दलों तक में जाने से गुरेज नहीं करता। इस तरह के दलबदल से एक बात तो साफ हो ही जाती है कि ऐसे नेताओं का न तो कोई जमीर है न वैचारिक प्रतिबद्धता, न पार्टी के प्रति वफादारी का जज्बा और न ही इस बात की फिक्र कि वर्तमान दौर में गांधीवादी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली कांग्रेस को समाप्त करने की साम्प्रदायिकतावादियों की साजिशों का मुकाबला करने के लिये राहुल व प्रियंका गाँधी द्वारा कितनीमेहनत की जा रही है। देश का कौन नेता है जो मोचियों से चप्पल सिलना सीखेऔर उनके दुःख दर्द पता करे फौजी, छात्र,लोको पायलट,कुली,मजदूर, किसान, सब्जी फरोश, ट्रक ड्राइवर, राज मिस्त्री, चाय वाला, टैम्पू चालक, खेतिहर मजदूर, स्कूटर मिस्त्री किस वर्ग से राहुल नहीं मिले ? उनकी इसी मेहनत का ही नतीजा है कि आज कांग्रेस पुनः वापसी की राह पर है। परन्तु उन नेताओं को जिनकी पहचान ही कांग्रेस नेता के रूप में बनी है जब वही लोग कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता व कार्यकर्त्ता बनाने के बजाये केवल अपने स्वार्थवश अपने अपने गुट के नेताओं को ही तरजीह देने लगेंगे तो कहना गलत नहीं होगा कि पार्टी की यह भीतरी गुटबाजी राहुल की मेहनत पर पानी फेरने का काम करेगी।

# भारत को चीन के साथ-साथ अमेरिका से भी खतरा



डॉ. अनिल कुमार निगम

आज भारत को चीन से ज्यादा अमेरिका से खतरा है। अमेरिका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा पर जिस तरह से प्रतिक्रिया दी और भारत ने उसका प्रतिकार किया, वह विचारणीय है। संप्रति, अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव चल रहा है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी से प्रत्याशी हैं तो डेमोक्रैटिक पार्टी से उम्मीदवार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के नाम वापस लेने के बाद वहां की उप राष्ट्रपति एवं भारतवंशी कमला हैरिस राष्ट्रपति का चुनाव लड़ रही हैं। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि चुनाव में कौन चुनाव लड़ रहा है और कौन राष्ट्रपति बनेगा महत्वपूर्ण यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस में कौन-सा ऐसा नेता है जो भारत के साथ बेहतर तालमेल रख सकेगा एक ओर जहां अमेरिका भारत के बल पर एशिया में चीन की शक्ति को संतुलित करना चाहता है, वहीं दूसरी ओर वह भारत के कंधे पर रख कर बंदूक भी चलाना चाहता है। रूस के साथ भारत के संबंध उसे कभी रास नहीं आते हैं। वह अपनी समस्या को भारत की समस्या बनाना चाहता है। हैरान करने वाली बात यह है कि आखिर नाटो के यूक्रेन तक विस्तार से भारत क्या सरोकार है वास्तविकता तो यह है कि चीन को रोकने के प्रमुख लक्ष्य पर ध्यान देने की जगह शीत युद्ध वाली मानसिकता के साथ अमेरिकी रणनीतिक रूस से अप्रत्यक्ष युद्ध में उलझे हुए हैं। इस परिस्थिति का लाभ चीन बढ़-चढ़ कर उठा रहा है।


प्रधानमंत्री मोदी की हाल ही में रूस यात्रा से पहले अमेरिकी राजदूत ने यहां तक कह दिया कि प्रतिबंधों के बावजूद रूस के साथ व्यापार करने वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी कार्रवाई हो सकती है। अमेरिका भारत की सुरक्षा मामलों की भी अनदेखी कर रहा है। अमेरिका और उसके कनाडा जैसे मित्र देश खालिस्तानी आतंकवादियों को खुलकर संरक्षण दे रहे हैं। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसर, भारत और अमेरिका की रणनीतिक नजदीकी चीन के खतरे के कारण हैं लेकिन दोनों के बीच कई मसले सुलग रहे हैं। रूस के अमेरिका के साथ रिश्ते पहले से ही खराब हैं। अमेरिका और रूस के बीच टकराव से भारत को सैन्य आपूर्ति देने की रूस की क्षमता प्रभावित हो जाती है और भारत को रूसी आपूर्तिकताओं से महत्वपूर्ण सैन्य खरीद के साथ आगे बढ़ने पर



आर्थिक प्रतिबंधों की भी चेतावनी मिलती है। रूस को सैन्य और राजनयिक समर्थन के लिए चीन पर अपनी निर्भरता बढ़ानी पड़ी है। परिणामस्वरूप भारत-चीन संघर्ष के मामले में भारत के साथ रक्षा समझौतों का सम्मान करने की इसकी क्षमता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कुछ समय पूर्व भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में कतिपय मुद्दों पर तनाव देखने को मिला है। अमेरिका का खालिस्तानी पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप खासतौर से भारत और अमेरिका के बीच विवाद का विषय बना। इसके चलते दोनों देशों की खुफिया एजेंसियों ने एक-दूसरे पर निशाना साधा। वश्लिेषकों का कहना है कि अगर इस मुद्दे को परिपक्वता से नहीं संभाला गया तो द्विपक्षीय संबंधों में अधिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। अब एक बार पुनः वापस लौटता हूं, अमेरिका में चल रहे चुनाव पर। ध्यातव्य है कि अमेरिका की उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार, भारतवंशी कमला हैरिस ने वर्ष 2019 में जब भारत ने अनुच्छेद 370 को हटाया तो हैरिस ने इसका विरोध किया था। हैरिस ने कहा था, "हम कश्मीरियों को यह याद दिलाना चाहते हैं कि वे अकेले नहीं हैं. हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं।" एशिया निक्केई की एक रिपोर्ट के अनुसार, कमला ने भारतीय अमेरिकी समुदाय से जुड़ने के लिए कभी विशेष कोशिशें नहीं की। दूसरी ओर पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप जब 2016 में पहली बार राष्ट्रपति बने तो भारत की कई नीतियों पर अपनी आपत्ति जताई थी। ट्रंप ने अभी एक चुनावी रैली में कहा, "हार्ले डेविडसन के मुखिया मुझसे वाइट हाउस में मिले थे। मैं बहुत निराश हुआ।" उल्लेखनीय है कि हार्ले-डेविडसन दुनिया की जानी-मानी बाइक कंपनी है। इस कंपनी की बाइक लाखों रुपये की होती हैं। सुपरबाइक के नाम से विख्यात हार्ले डेविडसन अमीरजादों के बीच काफी लोकप्रिय रहती है। वर्ष 2018 में कंपनी ने भारत में पांच से 50 लाख रुपये तक की बाइक लॉन्च की थी। ट्रंप ने कहा, "मैंने हार्ले डेविडसन कंपनी के मुखिया से पूछा कि भारत में आपका व्यापार कैसा चल रहा है, इस पर जवाब मिला कि अच्छा नहीं चल रहा। हम 200 फीसदी टैरिफ क्यों दे रहे हैं मैंने कहा कि इसके लिए भारत को ज़िम्मेदार नहीं ठहराऊंगा। मैं इसके लिए खुद को ज़िम्मेदार मानता हूं कि हमने ऐसा होने दिया।" मणिपुर से लेकर म्यांमार तक फैली अस्थिरता में अमेरिकी एजेंसियों की संदिग्ध भूमिका से हम वाकिफ होंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना यहां तक कह चुकी हैं कि अमेरिका इस क्षेत्र में एक ईसाई राष्ट्र का गठन करना चाहता है ताकि चीन के विरुद्ध उसका अपना एक बेस तैयार हो सके। अमेरिका को यह निर्णय करना होगा कि यदि उसे चीन के विरुद्ध भारत की मदद चाहिए तो वह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करे। साथ ही भारत को भी अमेरिका के दोहरे चरित्र को समझते हुए फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ाने होंगे।

## न्यूट अपडेट

## वार्ड का चहुंमुखी, सर्वांगीण एवं समग्र विकास ही मेरा लक्ष्य : पुनित भदोरिया



**चमकता राजस्थान, शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** वार्ड नंबर 18 स्थित पीपल के गेट के नीचे वार्ड वासियों ने वार्ड नंबर 18 के जुझारू पार्षद पुनीत भेगिरया का 51 किलो की माला व तलवार भेंट कर वार्ड वासियों ने स्वागत किया एससी एसटी महा संगठन के अध्यक्ष राजेश मंडोवरा, समाजसेवी हरि सैनी, अतिन पटवारी व साहिल अलग ने बताया कि वार्ड पार्षद के जन्मदिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाहपुर नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी थे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल, समाजसेवी गिरधारी गोरा व राजेश पलसानिया थे कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर 18 के जगदीश नायक,बोदीलाल सैनी, राकेश धानका, पूर्व पार्षद रमेश महंत, पूर्व पार्षद जयसिंह चौहान, इरफान मोहम्मद, विनोद गुप्ता, मोहनलाल धोबी, रमेश नायक ने वार्ड पार्षद पुनीत भेगिरया को 51 किलो की माला, तलवार, गोविंद देव जी महाराज का स्मृति चिन्ह व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया कार्यक्रम के दौरान मदनलाल नायक, बाबूलाल मेहरा, राजेंद्र सैनी, प्रेमचंद वाल्मीकि, पूर्व पार्षद भागीरथ वाल्मीकि, सुभाष सैनी, प्रवीण शर्मा, रवि सैन, हिमांशु शर्मा, रमाकांत शर्मा, जगदीश कुमावत, गोपाल गुर्जर, नवल शर्मा, गोलू खुडानिया, केशव अलग, लालचंद नायक सहित वार्ड के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सिद्ध पीठ वेंकटेश बालाजी लोहार्गल में विधायक ने लगाई धोक



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल गुरु तीर्थ लोहार्गल धाम में रविवार को जयपुर सिविल लाईन विधायक गोपाल शर्मा ने वेंकटेश बालाजी सिद्ध पीठ पे धोक लगाकर मन्नत मांगी। वेंकटेश बालाजी लोहार्गल पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज के सानिध्य में विधायक गोपाल शर्मा ने लक्ष्मी वैंकटेश बालाजी सरकार की पूजा अर्चना व आरती कर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज से आशीर्वाद लिया। वेंकटेश बालाजी मंदिर के स्वामी अश्वनी आचार्य महाराज ने दुपट्टा पहना कर वेंकटेश बालाजी का चित्र दे कर आशीर्वाद दिया और प्रदेश की ख़ुशहाली के लिए मनोकामना माँगी। मंदिर के अश्विनी आचार्य महाराज ने बताया कि विधान सभा चुनाव से पहले विधायक गोपाल शर्मा ने वेंकटेश सरकार के अज़ी लगाई थी की चुनाव में विजय मिले वह पूर्ण होने पे श्रावण में पूजा अर्चना करने और वेंकटेश सरकार के धोक लगाने पधारे, साथ ही लोहार्गल तीर्थ के आराध्य सूर्य मंदिर व शिव मंदिर लक्ष्मी वेंकटेश के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## रावणा राजपूत समाज की बैठक सम्पन्न

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** जयपुर शहर कांग्रेस महासचिव विक्रम सिंह पंवार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजस्थान रावणा राजपूत महासभा जयपुर के तत्वावधान में समाज के प्रबुद्ध जनों कि बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोर्ट द्वारा स्वर्गीय आनंद पाल सिंह एनकाउंटर केस में 6 पुलिस कर्मियों पर दफा 302 में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू करने के आदेश का सभी ने स्वागत किया और भविष्य में स्वर्गीय आनंद पाल सिंह के परिवार जन को जो भी निर्णय या सहयोग चाहते हैं के लिए संगठन उनके साथ होगा। बैठक में राजस्थान रावणा राजपूत महासभा के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह रावणा, नन्द सिंह राजावत पूर्व अध्यक्ष, भंवर सिंह चिरांणा (सलाहकार),भंवर सिंह शेखावत, बनवारी सिंह गौड़, मौहब्बत सिंह चौहान, रूपसिंह, परमेश्वर सिंह, कुलदीप सिंह पंवार, मानसिंह, बन्टी, के साथ सामाजिक प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया।

## होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान द्वारा फूड सेफ्टी एवं हायजीन पर सेमिनार का आयोजन

# प्रत्येक व्यक्ति तक शुद्ध खाना पहुंचे इसके लिए हम प्रयासरत : इकबाल खान

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान और फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट राजस्थान की और से फाइड सेफ्टी, हाइजीन एवं मिलेट्स (मोटा अनाज) प्रमोशन के लिए एक सेमिनार का आयोजन होटल इंडियाना प्राइड जयपुर में किया गया. राजस्थान के फूड सेफ्टी कमिश्नर इकबाल खान भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर फूड सेफ्टी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए सैनिटेशन एवं हाइजीनिक, रिक्वायरमेंट फूड सेफ्टी एक्ट एवं सेनिटेशन के अलावा अनेक विषयों पर अपनी बात रखी एवम मुख्यमंत्री की स्वस्थ राजस्थान की भावना से अवगत करवाया। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर सजा के अनेक प्रावधान है. उपभोक्ताओं को किसी भी खाद्य पदार्थ में मिलावट पाए जाने पर तुरंत विभाग को सूचित किया जाना चाहिए। जिससे मिलावट करने वालों पर उचित कार्रवाई की जा सके. प्रत्येक व्यक्ति तक शुद्ध खाना पहुंचे इसके लिए हम प्रयासरत है और इसके लिए होटल्स रेस्टोरेंट और अन्य सभी स्टेकहोल्डर से मिलकर



आमजन के लिए बेहतर कार्य करने के लिए अनुरोध किया।राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) ओंकार सिंह लखावत ने कहा की होटल फेडरेशन आफ राजस्थान द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर किए जाने वाले ऐसे सेमिनार के लिए फेडरेशन धन्यवाद का पात्र है. मुख्यमंत्री जी द्वारा मोटे अनाज प्रमोशन के लिए किए जाने वाले पर्यतन को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यशाला से एक अच्छा संदेश पूरे राजस्थान भर में जाएगा. हमें हमारे जीवन में मोटा अनाज के उपयोग की आदत डालने की जरूरत है. जिससे अनेक टाइप की बीमारियों से हम बच सकते हैं ! टूरिज्म सेक्टर से जुड़े सदस्यों के साथ फूड सेफ्टी डिपामेंट द्वारा इस प्रकार की वार्ता से एक अच्छा संदेश पूरे राजस्थान भर में पहुंचेगा !फ़ेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के साथ इस सेमिनार में अनेक प्रकार की जानकारियो से सदस्यों को अवगत करवाया गया. इस संदेश को हम राजस्थान में पर्यटन से जुड़े सभी सेक्टर तक पहुंचने का प्रयास करेंगे. जिससे हम पर्यटकों को बिना मिलावट का (शुद्ध खाना) सर्व कर हमारे दायित्वों का निर्वहन कर सके ! मुख्यमंत्री की प्रेरणा से प्रारंभ किए गए मोटा अनाज प्रमोशन अभियान और शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान को भी हम लगातार गति दे रहे हैं आज की इस कार्यशाला से विभाग के अधिकारियों द्वारा अनेक विषयों के बारे में सदस्यों को जानकारियां दी गई .इसके लिए विभाग के हम आभारी हैं. इस प्रकार की कार्यशाला संभाग वाइज करवाने



का प्रयत्न होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान द्वारा आगामी दिनों में किया जाएगाफेडरेशन के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने कहा शुद्ध खाना सभी की थाली तक पहुंचे. इसके साथ-साथ स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए मिलेट्स का उपयोग ज्यादा से ज्यादा जीवन में हो होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान लगातार हर स्तर पर अपने प्रयास कर रहा है !फ़ेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने कहा अनेक प्रकार की बीमारियों से बचने के लिए मिलेट्स का उपयोग हमारे जीवन में अति आवशयक है जीवन में बीमारियों का मुख्य कारण मिलावटी खाना एवं अशुद्ध पानी ही है इससे बचने के लिए आज की कार्यशाला से हमने बहुत-कुछ सीखा है !

फूड सेफ्टी डिपामेंट के आयुक्त इकबाल खान ने सदस्यों द्वारा पूछे गए अनेक प्रश्नों के उत्तर देखकर सभी को संतुष्ट किया फेडरेशन द्वारा विभाग के साथ मिलकर किए जा रहे प्रयास के लिए होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान का आभार जताया. उन्होंने कहा फेडरेशन के सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए आगामी दिनों में कैंप लगाकर तुरंत समाधान का प्रयास किया जाएगा. सेमिनार में फूड सेफ्टी विभाग के उपायुक्त एस एन धौलपुरिया ,सुशील चोटवानी, रतन गोदारा के अलावा अन्य विभाग के अधिकारियों ने भी विभिन्न विषयों पर फेडरेशन के सदस्यों को जानकारी दी .सेमिनार में कैटरिंग ऐसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सेवानिया, व्यापार महासंघ जयपुर के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, हॉस्पिटैलिटी फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान अध्यक्ष कुलदीप, बार एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़, राजस्थान के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, एवं अजीत बंसल के अलावा अनेक संगठनों के अध्यक्ष के अलावा होटल मैरियट, होटल हाईवे किंग होटल जयमहल, होटल हिल्टन, होटल फेयर माउंट, होटल ताज,होटल रामबाग प्लेस, होटल फरन के अलावा मध्यम व बजट होटलो के सैकड़ो की तादाद में प्रतिनिधि सम्मिलित हुए.इस अवसर पर अनेक संगठनों ने भी आगामी दिनों में अपनी ऐसोसिएशन के साथ सेमिनार करवाने का संकल्प किया।। ताकि बेहतर राजस्थान के संकल्प को अमली जामा पहनाया जा सके।

**ये गणमान्य रहे मौजूद**

होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान,संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सचिव शैलेश प्रधान, कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया, कार्यकारी सदस्य क्षितिज शर्मा संजय खंडेलवाल, सीताराम, निर्मल शर्मा के अलावा अनेक सदस्य उपस्थित रहे !होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान द्वारा सेमिनार के अंत में सभी सदस्यों को मिलेट्स से बने व्यंजनों के साथ लंच भी आयोजित किया गया।

## अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# वंशावली लेखकों की बढ़ती दूरियों को कम करने का करना होगा प्रयासः अरूणकांत

➲ वंशावली एकेडमी राजस्थान में फिर से होगी शुरूः सराफ

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय धर्म जागरण सह प्रमुख अरूणकांत ने कहा कि पुराने काल से ही वंशावली की परम्परा हमारे देश में चली आ रही है लेकिन आज वंशावली लेखकों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं, जिसको हम सब मिलकर कम करने का प्रयास करेंगे। वे रविवार को पाथेय कण के सभागार में आयोजित अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान के कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जुड़कर वंशावली को बेहतर करने का काम करना होगा, जिससे कि सभी लोगों को अपने वंश के बारे में विस्तार से जानकारी मिल सके, अभी इस समय पूरे देश में 4200 वंशावली लिखने वाले वंशलेखकों के नामों की वंशावली दिग्दर्शिका संस्थान के पास है, जिसमें राजस्थान से सबसे अधिक 2500 वंशलेखकों का डाटा कलेक्शन है, लेकिन अभी पूरे देश के वंशलेखकों का डाटा संस्थान के पास नहीं है, जिसको एकत्रित करने का काम तेजी से किया जा रहा है, जल्द ही सभी वंशलेखकों का डाटा संस्थान के पास उपलब्ध होगा।

**- दो समारोह से जोड़ेंगे कार्यकर्ताओं को**

अरूणकांत ने कहा कि संस्थान अब दो समारोह के माध्यम से देशभर के वंशलेखकों को एक साथ जोड़ने का काम करने जा रहा है, जिससे वंशलेखकों का तथ्यात्मक डेटा एक जगह एकत्रित हो जायेगा, उन्होंने कहा कि संस्थान का स्थापना दिवस समारोह आगामी दिनों से जिले स्तर पर



आयोजित होगा, इसके साथ ही सरस्वती पूजन कार्यक्रम बसन्त पंचमी पर किया जायेगा, इन दोनों समारोह में वंशलेखकों को जोड़ने का काम होगा।

**- सतयुग व द्वापर युग से चली आ रही है परम्पराः कालीचरण**

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि वंशावली लेखन का काम सतयुग, द्वापरयुग के बाद आज कलयुग में भी हो रहा है और आज इसको डीजिटल माध्यम से जोड़ते हुए प्रभावी बनाये जाने की जरूरत है।

**- डीजिटल युग का करना होगा उपयोगः रामचरण बोहरा**

समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि आज का युग डीजिटल का है, जिसका उपयोग वंशावलियों को संरक्षित करने के लिए किया जाना चाहिए।

**- हिन्दू समाज को टूटने से बचाने का प्रयासः ब्रह्मभट्ट**

अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर ब्रह्मभट्ट ने संस्थान के बारे में प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि वंशावली के माध्यम से हिन्दू समाज को टूटने से बचाया जा सकता है और यह काम संस्थान बखुबी निभा रहा है, जिसके माध्यम से लोगों को एक-दूसरे से ओर अपनो से अपने को जोड़ने का काम किया जा रहा है।

**- इनका किया सम्मान**

समारोह में अतिथियों ने वंशावली लेखन करने वाले सत्यनारायण जागा, नवरंग लाल जागा, महावीर सिंह, रूप सिंह राव सहित युवा वंशावली लेखकों का का सम्मान किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक माणक चन्द और जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष बाबुलाल शर्मा का विशिष्ट सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के गांधीवादी विचारक एवं शांति अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जनक सिंह मीणा ने अतिथियों को भारत के स्वातन्त्र समर के जनजातीय नायकों की वीरगाथा नामक पुस्तक भेंट की।

## बस स्टैंड शराब दुकान से शराब व नगदी चुराने वाले चोर चढ़े पुलिस के हत्थे



**चमकता राजस्थान, चौमहला /झालावाड़ (रमेश मोदी)।** चौमहला कस्बे में बस स्टैंड स्थित शराब दुकान से 17 जुलाई की रात्रि को अज्ञात चोर शराब की पेटियां व गल्ले से नकद रुपयों की चोरी कर फरार हो गए ,घटना का गंगधार पुलिस ने पर्दाफाश कर फरार मुलजिम ओ को गिरफ्तार किया । जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि दिनांक 18 जुलाई 2024 को फरयादी अशोक कुमार पिता बगदीराम गायरी ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट दी थी कि उसकी बस स्टैंड स्थित दुकान से रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा शराब की पेटियां व नकद रुपये चुरा लिए है। जिस पर प्रकरण संख्या 64 ,2024 धारा 305अ, 331(4), 324(2) बी एन एस 2023 में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था, अज्ञात मुल्जिमाओ का पता लगाते हुवे उनकी गिरफ्तारी व हाजा माल, मश्रुका की बरामदगी हेतु नंद किशोर वर्मा थाना धिकारी गंगधार को निर्देशित किया गया था, जिसपर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा के निर्देशन में वर्ताधिकारी कालूराम वर्मा के सुपरविजन में थाना धिकारी नंदकिशोर वर्मा के नेतृत्व में चार मुलजिम बाबूलाल कंजर, कमल कंजर, राकेश कंजर, हिम्मत कंजर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## सरमथुरा उपखण्ड के 25 हजार के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, धौलपुर।** सरमथुरा उपखण्ड के 25000 रु के इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार ! लूट के मामले में फरार चल रहा था इनामी बदमाश रामसहाय, खान में काम कर रहे मजदूरों से मोबाइल और अन्य सामान की लूट को दिया था अंजाम, फागनेकेपुरा के जंगलों में अवैध वसूली के लिए दबाव बनाने को लेकर की थी वारदात, राजस्थान और मध्यप्रदेश के कई मामलों में चल रहा था ! फरार, मध्यप्रदेश के शिवनी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हुई गिरफ्तारी, आंगई थाना प्रभारी राम अवतार मीणा के नेतृत्व में कार्रवाई, भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश,धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़, डीएसपी नरेंद्र कुमार के निर्देश पर की गई बड़ी कार्यवाही।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने प्रदेशभर में मनाई डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन और भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी जोसेफ जॉन हुकिंस रहें। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कहा कि भले ही डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम आज हमारे बीच नहीं हैं, फिर भी हम हर समय अपने आस-पास उनकी उपस्थिति महसूस कर सकते हैं, उनके द्वारा किए गए विकास कार्य और उनकी विरासत आज भी हमें उनकी याद दिलाती है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने समाज में अपने अपार योगदान से राष्ट्र पर एक उल्लेखनीय छाप छोड़ी




है। मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी जोसेफ जॉन हुकिंस ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में देखने का दूसरा दृष्टिकोण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक इस उपलब्धि को साकार करने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है। पीएम मोदी द्वारा इस दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयास और पहल डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के आदर्शों को दर्शाते हैं, क्योंकि राष्ट्र विकास और समृद्धि के इस साझा दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान ने बताया कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार थी, जिसने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया था। भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए समर्पित एक राष्ट्रवादी, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के लिए एक आदर्श विकल्प थे, जिन्होंने उन्हें भारत का राष्ट्रपति बनाने का निर्णय किया था।मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मजीद मलिक कमाण्डो ने कहा कि देश की जनता के बीच टी.वी., कपड़े और तकनीक जैसे विदेशी उत्पादों के लिए बढ़ती मांग को देखते हुए डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने आत्मनिर्भर के सिद्धांत पर अमल किया। जो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मेक इन इंडिया'', ''वोकल फॉर लोकर'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' का दृष्टिकोण डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की भावना के अनुरूप है, जो आत्मनिर्भरता और स्वदेशी विनिर्माण इकोसिस्टम के विकास पर जोर देते हैं।मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान ने भी डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के बारे में विस्तार से उपस्थित सभी पदाधिकारियों को बताया एवं खिराजे अकीदत पेश की गई। मोर्चा के कार्यक्रम प्रभारी व मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष जावेद कागजी ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया एवं मंच का संचालन जयपुर शहर जिला महामंत्री एम. परवेज खान, माजिद खान पठान ने किया। बैठक में मोर्चा के प्रदेश मंत्री मेहबूब कुरैशी, हाकम पठान, प्रदेश कार्यालय मंत्री उस्मान चौहान, मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फरमान कुरैशी, फरीदुदीन जैकी, पूर्व प्रदेश महामंत्री मुनवर खां, जिला उपाध्यक्ष शाहिदुल, हाजी मुश्ताक, जिला मंत्री जुनैद अख्तर, नदीम अंसारी, सादिक हिन्दुस्तानी, जिला कोषाध्यक्ष जमालुदीन, खालिद गौड़, जयपुर शहर पूर्व जिलाध्यक्ष जफर मिर्जा, गुलजार कुरैशी, पार्षद प्रत्याशी रईस अहमद कुरैशी, नुजहत परवीन, मुश्ताक अहमद रंगरेज, मण्डल अध्यक्ष इकबाल हुसैन, चिराग कुरैशी, शकिल अहमद, निजामुदीन भाटी, हनीफ खान, हाशिम खान, आसिफ अली, इमरान, इस्तियाक अहमद, रफीक शाह, मोहम्मद सलीम, अब्दुल सयुम, कान्ता बहन, खालीद भाई, इरफान अब्बासी, सिकन्दर भाई, अलीमुदीन, इस्लामुदीन सहित अन्य पदाधिकारी/कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गंगधार पुलिस व प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही

# सैकड़ों क्विंटल अवैध मछली की जप्त

➲ दो ट्रेक्टर व एक पिकउप अवैध मछली से भरे किये जप्त, वही मौके पर भी भारी मात्रा में मछलियां अवैध शिकार की हुई कि जप्त



**चमकता राजस्थान**

**चौमहला/झालावाड़ (रमेश मोदी)।** गंगधार तहसिल क्षेत्र के पारा पिपली गांव के समीप चंबल नदी व छोटी कालीसिंध नदी के संगम स्थल पर प्रशासन व पुलिस ने सँयुक्त कार्यवाही करते हुवे सेकड़ो क्विंटल करीबन 25 से30 टन अवैध मछली जप्त कर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। मौकेपर उपस्थित उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा, जानकारी देते हुए बताया कि अवैध मस्य आखेट की जानकारी मिलने पर औचक निरीक्षण के दौरान पारा पीपली गांव के समीप चंबल व छोटी काली सिंध नदी के सगंम पर दो ट्रॉली व एक पिकउप अवैध शिकार कर भरीहुई मिली व कई क्विंटल मछली नदी के तट पर पड़ी मिली जिसपर गंगधार पुलिस को सूचित कर मौके पर बुलाकर जप्ती की कार्यवाही की गई, वही बताया कि भारी मात्रा में मछलियों का प्रतिबंधित अवधि में शिकार कर वेस्ट बंगाल में असम के सिलीगुड़ी व बड़े शहरों में भेजा जाता है, ठेकेदार द्वारा ही मछलियों का शिकार किया जा रहा था गंगधार पुलिस थाना के ए एस आई मगन लाल ने बताया उपखंड अधिकारी की सूचना पर नदी के संगम पर मय जाप्ते के पहुचा तो दो ट्रेक्टर व एक पिकउप मे अवैध शिकार की हुई मछलियां मिली जिन्हें जप्त कर अवैध मत्स्य आखेट अधिनियम केअंतर्गत कार्यवाही की गई, राज्य सरकार 15 जून से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लगाया हुवा है इसके बावजूद ठेकेदार नेपाल सिंह बंजारा द्वारा अवैध मछलियों का शिकार किया जा रहा था, जिनको जप्त कर थाने पर लाया गया, प्रशासन द्वारा अवैध मछलियों की जप्ती की पहली बड़ी कार्यवाही की गई। प्रशासन की और से मौके पर तहसीलदार जतिन दिनकर, हल्का पटवारी, गणेश चिरोलिया, पुलिस जाप्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लुटेरी दुल्हन का भाई सहित एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

- **गिरफ्तार आरोपी पुलिस रिमाण्ड़ पर, पुलिस ने बांसी बस स्टेण्ड़ से किए गिरफ्तार**

**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)** लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव परसवारा में शादी के छह दिन बाद ही अपने पति सहित ससुरालजनों को खाने में बेहोशी की दवा देकर करीब ढेड़ लाख नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर दुल्हन को फरार होने के मामलें में लखनपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लुटेरी दुल्हन के भाई सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों आरोपियों को पुलिस रिमाण्ड़ पर भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार यूपी बदायू उझानी थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी नवीन जाटव पुत्र गंगाशरण व नई दिल्ली भलस्वा थाना क्षेत्र के गांव मुकुन्दपुर बुढ़वारी निवासी शहनाबाज पुत्र मौहम्मदरजा को आगरा जयपुर राजमार्ग पर स्थित बांसी बस स्टेण्ड़ से हिरासत में लिया। बाद में जांच पडताल दौरान आरोपियों की शिनाक्त होने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि लखनपुर थाना पुलिस ने यूपी एटा मिरहची थाना क्षेत्र के गांव कुटैना निवासी रजनी राजपूत लोधी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर थाना परिसर में वृक्षारोपण किया



**चमकता राजस्थान।** हिंडौन सिटी,(राजवीर सिंह) थाना परिसर कोतवाली में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर वृक्षारोपण किया गया सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र गारूवाल करई ने बताया कि इस मौके पर एएसआई रामफूल मीना, हेड कांस्टेबल विष्णु बैंसला, कांस्टेबल,आमिर खान,कांस्टेबल, मनीष कुमार मौजूद रहे। एएसआई रामफूल मीना ने कहा कि पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अधिक से अधिक करें।

### 75 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-।। सीधी भर्ती पर-ीक्षा-2024 में आजमाया भाग्य

- **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा जयपुर शहर के 17 केन्द्रों पर हुआ परीक्षा का आयोजन**

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 28 जुलाई।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा रविवार, 28 जुलाई 2024 को छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-।। (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन हुआ। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जयपुर शहर के 17 केन्द्रों पर हुआ। जिसमें कुल 4 हजार 122 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) सुमन पंवार ने बताया कि जयपुर शहर के केन्द्रों पर 75.72 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत एवं किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 4 हजार 122 अभ्यर्थियों में से 3 हजार 121 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 1 हजार 1 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया है।

### भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ने किया नव नियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का इस्तक़बाल



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** 28 जुलाई 2024 को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान ने भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ से नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की एवं हार्दिक बधाइयां व मुबारकबाद दी एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम. सादिक खान, डॉ.मजीद मलिक कमांडो, मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, एससी मोर्चा कोटा शहर पुर्व जिला अध्यक्ष अशोक बादल सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देश के नये 3 आपराधिक कानूनों में संशोधन करना चाहता है राज्य



संवाददाता

**कोलकाता।** केंद्र पहले ही भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम नाम से तीन कानून पेश कर चुका है। क्या राज्य अपनी आवश्यकता के अनुसार केंद्रीय न्याय अधिनियम में संशोधन कर सकते हैं? मामले की विस्तृत जांच के लिए एक समीक्षा समिति का गठन किया गया है।

राज्य कैबिनेट के एक सदस्य ने कहा, "कानून की समीक्षा की जानी चाहिए और इसके लागू होने के तीन महीने के भीतर केंद्र को भेजा जाना चाहिए।" जल्द ही यह कमेटी बैठक कर समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री को सौंपेगी। इसके बाद कानून में संशोधन और आपत्तियों के साथ केंद्र को प्रस्ताव भेजा जाएगा। कल सोमवार को सरकारी पक्ष इस न्याय संहिता पर विधानसभा में निंदा प्रस्ताव पेश करने जा रहा है।

इस प्रस्ताव पर कल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में विधानसभा में चर्चा होने वाली है। केंद्रीय गृह विभाग के दिशानिर्देशों में उल्लेख किया गया है कि राज्य ने इस संबंध में केंद्र को कुछ प्रस्ताव दिए हैं। लेकिन केंद्र ने राज्य द्वारा दिये गये उन सभी प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया। इसीलिए यह समीक्षा समिति बनाई गई है। समिति में सेवानिवृत्त न्यायाधीश असीमकुमार रॉय, कानून मंत्री मलय घटक, वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता, वकील संजय बसु, राज्य पुलिस डीजी राजीव कुमार, कोलकाता सीपी विनीत गोयल शामिल हैं। संशोधित भारतीय न्याय संहिता की समीक्षा के लिए राज्य द्वारा गठित समीक्षा समिति को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। राज्य मंत्रिमंडल के एक सदस्य ने कहा कि राज्य विधानसभा में कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया` कुछ दिन पहले राज्य सरकार ने पूर्व न्यायाधीश और लोकायुक्त असीमकुमार रॉय के नेतृत्व में सात सदस्यीय समीक्षा समिति का गठन किया था।

## पश्चिम बंगाल में शराब की कीमत बढ़ाने जा रही है सरकार

संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य उत्पाद शुल्क संग्रह में लक्षित वृद्धि को पार करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक विभिन्न शराब और बियर ब्रांडों की कीमतों में वृद्धि करने की संभावना पर विचार किया है। राज्य उत्पाद शुल्क निदेशालय के सूत्रों के अनुसार, नए मूल्यांकन के बाद मौजूदा शराब और बियर ब्रांडों के उत्पादन लागत का मूल्यांकन करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्तियों का मूल्यांकन किया जाएगा। पिछली बार जब राज्य सरकार ने फरवरी 2023 में शराब और बियर की कीमतों में वृद्धि की थी, तब भी उत्पादन लागत का मूल्यांकन करने के लिए शराब निमार्ताओं से अभिरुचि की अभिव्यक्तियां मांगी गई थीं। एक सूत्र मे कहा कि अभिरुचि की अभिव्यक्तियों के मूल्यांकन के आधार पर, अंतिम प्रति-बोतल मूल्य और उस पर लगाए जाने वाले राज्य उत्पाद शुल्क का निर्धारण किया जाता है। इस साल शराब निमार्ताओं से अभिरुचि की अभिव्यक्तियां मांगने और उनके मूल्यांकन की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और उस मूल्यांकन रिपोर्ट का अंतिम प्रभाव शराब और बियर ब्रांडों की कीमतों पर जल्द ही देखा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि भारतीय निर्मित विदेशी शराब के मामले में, प्रति-बोतल मूल्य 750 मिलीलीटर बोतलों के लिए पांच रुपये से 100 रुपये तक बढ़ सकता है। देशी शराब के मामले में, 600 मिलीलीटर बोतल के लिए प्रति-बोतल मूल्य पांच रुपये तक बढ़ सकता है। बियर की कीमत प्रति बोतल 20 रुपये से 30 रुपये तक बढ़ सकती है। राज्य उत्पाद शुल्क निदेशालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि शराब और बियर की बोतलों की कीमतों में अंतरिम वृद्धि का उद्देश्य बजट अनुमानों के लिए 2024-25 में निर्धारित राज्य उत्पाद शुल्क संग्रह में लक्षित वृद्धि को पार करना है।

## साहित्य अकादेमी ने किया नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती पर जन्म शताब्दी संगोष्ठी का आयोजन



संवाददाता

**कोलकाता।** साहित्य अकादेमी ने कोलकाता पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती पर जन्म शताब्दी संगोष्ठी का आयोजन किया। स्वागत भाषण साहित्य अकादेमी के सचिव डॉ के श्रीनिवासराव ने दिया। उन्होंने नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती के जीवन और कार्यों पर संक्षेप में बात की। परिचयात्मक भाषण में, साहित्य अकादमी के बाङ्ला परामर्श मंडल के संयोजक और पश्चिम बंगाल सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री ब्रात्य बसु ने नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती के लेखन की विशिष्ट विशेषताओं पर बात की। संगोष्ठी का उद्घाटन साहित्य अकादमी के महत्तर सदस्य शीर्षेन्दु मुखोपाध्याय ने किया, जिन्होंने नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती के लेखन और उनके व्यक्तित्व के प्रति अपने आकर्षण के बारे में बताया। अपने भाषण में अलापन बंद्योपाध्याय ने नीरेन्द्रनाथ के लेखन के संदर्भ पर विस्तार से चर्चा की तथा बताया कि किस तरह उन्होंने तत्कालीन बंगाली साहित्य को नया आकार देने में सफलता प्राप्त की। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. माधव कौशिक ने अध्यक्ष पद से बोलते हुए इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि नीरेन्द्रनाथ ने भारतीय साहित्य के महानतम लेखकों में से एक बनने का मार्ग कैसे प्रशस्त किया। साहित्य अकादमी पूर्वी क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी श्री क्षेत्रवासी नाएक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। पहला शैक्षणिक सत्र नीरेन्द्रनाथ : व्यक्ति और उनका समय पर केंद्रित था। सत्र में प्रोफेसर बारीदबरन घोष ने नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती के जीवन और लेखन पर दिलचस्प किस्से प्रस्तुत किए। प्रोफेसर चिन्मय गुहा ने नीरेन्द्रनाथ की जादुई भावुक लेखनी को उनके प्रमुख ग्रंथों के संदर्भों के साथ प्रस्तुत किया। शेखर बसु ने आनंदमेला पत्रिका में नीरेन्द्रनाथ के संपादकत्व में काम करने के अपने अनुभवों पर बात की। दूसरा सत्र पत्रकार और संपादक के रूप में नीरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती पर केंद्रित था। हर्ष दत्ता ने नीरेन्द्रनाथ को एक ऐसे संपादक के रूप में बताया जिन्होंने अपना कर्तव्य लगभग धार्मिक रूप से निभाया, प्रचेत गुप्ता ने श्रोताओं को बताया कि वे नीरेन्द्रनाथ के लेखन से कैसे प्रभावित थे।

## नवादा में लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते 11 साइबर अपराधी गिरफ्तार




एजेंसी

**नवादा।** बैंक से कर्ज दिलाने के नाम पर ठगी करनेवाले 11 साइबर अपराधी को साइबर पुलिस ने रविवार को धर दबोचा। गिरफ्तार साइबर अपराधियों से साइबर पुलिस पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लैपटॉप, दर्जनों मोबाइल, कई पन्नों का कस्टमर डाटा बरामद किया गया है। बताया जाता है कि वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के अपसड़ व भवानी बिगहा गांव के बगीचे से करीब 20-25 की संख्या में बैठे साइबर अपराधी धनी फाइनेंस प्राइवेट कंपनी सहित विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से सस्ते दर पर लोन दिलाने की नाम पर ठगी कर रहे थे। इसी सूचना पर एसपी के निर्देश पर साइबर पुलिस उपाधीक्षक प्रिया ज्योति के नेतृत्व में एसआइटी गठित कर साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। एसआइटी की सूचना पर बगीचे की घेराबंदी कर साइबर अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन, पुलिस को देख भागने लगे। इनमें से पुलिस ने खदेड़कर लगभग 11 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कुछ मौके पाकर साइबर अपराधी फरार हो गये । गिरफ्तार अपराधियों के पास कई लेपटॉप, दर्जनों एंड्रॉयड मोबाइल व कई पन्नों की कस्टमर डाटा बरामद की गयी है। ऐसे साइबर पुलिस उपाधीक्षक प्रिया ज्योति फिलहाल कुछ बताने से परहेज कर रही है। साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ व बरामद कस्टमर डाटा, बरामद सामान से डाटा इकठ्ठा किया जा रहा है। गौरतलब है कि वारिसलीगंज, काशीचक, शाहपुर व पकरीबरावां तथा नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र के गांव इलाके में साइबर अपराधियों की दुकान गांव के बाहर बगीचे में सजती है। इसमें बैंक संबंधित विभिन्न तरह की जानकारी व बजाज फाइनेंस, धनी फाइनेंस प्राइवेट कंपनी से सस्ते दर पर लोन दिलाने के नाम पर भोले-भाले लोगो को ठगी की शिकार बनाते हैं। इस साइबर अपराधियों की चकाचौंध में नाबालिग लड़के दिन प्रतिदिन फंसते जा रहे हैं। ऐसे मौके मौके पर पुलिस कार्रवाइ में बड़े पैमाने पर साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की जाती है।

## अररिया सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



एजेंसी

**अररिया ।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। वही,अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने रविवार को कार्यकताओं के साथ अररिया स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था सांसद ने आवासीय परिसर के कार्यालय कक्ष में की थी। कार्यक्रम में भाजपा के नेता व युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत पेरिस ओलंपिक से की। इसके अलावा मोदी ने मैथ्स ओलंपियाड में जीत हासिल करने वाले भारतीय छात्रों को फोन कर बधाई दी। मोदी ने इसके अलावा फिर से लोगों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेने वाले अभियान के बारे में जागरुक किया। मोदी ने इसके साथ ही ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई के लिए एक विशेष केंद्र 'मानस' की भी चर्चा की। मोदी का यह 112वां और तीसरे कार्यकाल की दूसरी मन की बात प्रोग्राम था। मौके पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि हर महीने मोदी के मन की बात को पूरा देश सुनता है और उस पर अमल करता है। भरगामा प्रखंड के पूर्व प्रमुख दिव्य प्रकाश यादवेन्दु उर्फ विजय यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात में जो फिर से लोगों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेने वाले अभियान के बारे में जागरुक किया है जिससे पिछले कुछ वर्षों से तो पूरे देश में 'हर घर तिरंगा अभियान' के लिए सबका जोश हाई रहता है। गरीब हो, अमीर हो, छोटा घर हो, बड़ा घर हो, हर कोई तिरंगा लहराकर गर्व का अनुभव करता है।

### डायमंड हार्बर लोकल ट्रेन में लगी आग

**कोलकाता।** डायमंड हार्बर लोकल ट्रेन में आग लगने से यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। घटना रविवार दोपहर की है। सूत्रों के अनुसार, रविवार को सियालदह से डायमंड हार्बर जाने वाली लोकल ट्रेन दोपहर करीब 12 बजे सुभाषग्राम पहुंची थी। स्टेशन पर खड़े यात्रियों ने ट्रेन के पहियों पर आग की लपटें देखीं। उन्होंने ट्रेन रोकने रोकने को कहा। इसकी सूचना रेलवे कार्यालय को दी गई। सूचना पाकर रेलवे अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक अनुमान है कि यांत्रिक खराबी के कारण आग रेल के पहिए में लगी होगी। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इसके कारण सियालदह साउथ रूट में ट्रेनों का परिचालन कुछ देर के लिए रोक दिया गया।

## बिना काम कराए पंचायत निधि से 12.50 लाख का घपला, कैग रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी

**नवादा।** जिले के एक पंचायत में बिना काम किए 12.50 लाख रुपये का भुगतान हो गया। कैग की रिपोर्ट ने इस घोटाले का खुलासा हुआ है। मामला नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड के बुधुआ पंचायत का है। यहां बिना काम किए 12.50 लाख रुपये का पेमेंट किया गया। रविवार को जानकारी मिलते ही नवादा जिले का अधिकारियों में हड़प्पा मच गया। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक, पंचायत में वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 के दौरान नाला निर्माण और सड़क निर्माण के नाम पर 15.93 लाख रुपये का काम होना था। इसके लिए पंचायत के तत्कालीन सचिव को कार्यकारी अभिकर्ता बनाया गया था।

**बिना काम हुए जूनियर इंजीनियर ने बना दी रिपोर्ट**

बिहार विधानसभा में बीते दिन पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि जूनियर इंजीनियर ने काम हुए बिना ही 13.05 लाख रुपये के काम की नापी रिपोर्ट बना दी। इसी के आधार पर मई से जुलाई 2020 के बीच अभिकर्ता को 12.50 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पंचायत के मुखिया और तत्कालीन सचिव ने बिना काम की जांच किए ही भुगतान कर दिया। इतना ही नहीं, प्रखंड और जिला स्तर के अधिकारियों ने भी इसकी निगरानी नहीं की। बता दें जिले में मनरेगा योजना में भी इसी प्रकार का लूट हो रहा है। कागज पर काम दिखाकर राशि की बंदरबांट की जा रही है। अब जब बिहार विधानसभा में मामले का खुलासा हुआ है तो जांच होगी भी या नहीं कहना मुश्किल है। स्कॉलरशिप के बाद नवादा जिला प्रशासन के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

**बिहार** विहिप के जिला कार्यसमिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

# जिले के हर गांव में सशक्त समिति का निर्माण होगा



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** विश्व हिन्दू परिषद की जिला कार्यसमिति की बैठक मोतिहारी वृक्षा स्थान मे जिला कार्याध्यक्ष हरिश्चंद्र उपाध्याय अधिवक्ता की अध्यक्षता मे हुई।बैठक का संचालन जिला मंत्री मुन्ना तिवारी व जिला संयोजक हेंमंत कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अधिवक्ता अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद का 60 वर्ष आगामी कृष्ण जन्माष्टमी को पुरा होने जा रहा है इस अवसर पर विहिप देश भर में प्रखंड स्तर पर बैठक और सभा कर विहिप के सेवा कार्यो की जानकारी देगा। साथ ही प्रत्येक 2000 की आबादी पर अपना संगठन विस्तार करेगा। उन्होने बताया कि हर मंदिर पर हर सप्ताह सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही बजरंगदल का बालोपासना केन्द्र और मिलन केन्द्र गांव गांव मे खुलवाने का भी निर्णय लिया गया ताकि हिन्दू समाज धर्मान्तरण और लव जेहाद गो हत्या के खिलाफ मजबूती से लड़ सके।

उन्होने कहा कि बिहार नेपाल सीमावर्ती इलाका है,जहां रोंहिगिया और बांग्लादेशी घुसपैठिया धड़ल्ले से आकर बस रहे है जो बिहार और भारत के लिए खतरा है। बैठक में गांव गांव मे संगठन को मजबूत बनाने को लेकर जिला मंत्री मुन्ना तिवारी जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह और डा संतोष श्रीवास्तव तथा बजरंगदल के जिला संयोजक हेंमंत कुमार और जिला प्रचार प्रसार प्रमुख आनन्द प्रकाश की एक संयुक्त टीम गठित किया गया।जो जिले के हर गांव मे सशक्त समिति का निर्माण करेगा। बैठक मे बूढा अमर नाथ यात्रा,आगामी प्रान्त बैठक कांवर यात्रा की सुरक्षा इत्यादि अनेक विषयो पर चर्चा किया गया।साथ ही स्थापना दिवस तथा अखंड भारत दिवस कार्यक्रम धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे सभी प्रखंड के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे,मौके पर संगठन का विस्तार करते हुए ढाका प्रखंड अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह तथा ढाका बजरंगदल संयोजक चंचल कुमार को बनाया गया।बैठक में बजरंग दल के विभाग संयोजक जितेन्द्र कुशवाहा रामनाथ प्रसाद,कृष्णा दूबे सूरज कुमार विनोद कुमार नगनारायण सिंह अंकित कुमार राहुल सिंह उद्धेश्य गुप्ता रिशु श्रीवास्तव विवेक कुमार हरेन्द्र प्रसाद कन्हैया कुमार संजीव कुमार शेखर पांडेय सहित विहिप व बजरंग दल के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## एनसीसी अधिकारियों ने कारगिल युद्ध में शहीद के परिजनों को किया सम्मानित



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** एनसीसी के ग्रुप मुख्यालय मुजफ्फरपुर से पहुंचे अधिकारियो ने रविवार को मोतिहारी शहर के राजाबाजार स्थित 25 बिहार बटालियन एनसीसी कार्यालय में आयोजित कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानो के परिजनो को सम्मानित किया गया।मौके पर एसएसबी 71वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।समारोह में पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिले के कारगिल युद्ध मे शहीद 14 जवानो के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। समारोह में 25 बिहार बटालियन एन.सी.सी.के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रदीप कुमार सिंह(सेना मेडल)ने उन वीर शहीदो के पत्नी और उनके परिवारजनों का स्वागत किया जिनके पतियों और पुत्रों ने कारगिल के कठिन युद्ध में अपने अपने प्राणों की आहुतियां देकर देश की सीमाओं की रक्षा की थी।उन शहीद सैनिकों की बहादुरी के कारनामे भी बताए गए और यह कहा गया कि राष्ट्र सदैव उन बलिदानियों की कुबार्नी को याद रखेगा।राष्ट्र उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता रहेगा। इस अवसर पर सैनिकों की बलिदान गाथा को सुनकर उन परिवारों के सीने गर्व से चौड़े हो गए और आंसुओं की बरसात भी होती रही।



# टेक्सटाइल के सभी सबसेक्टर्स में करियर संभावनाएं

आज भी कृषि के बाद लोगों को सबसे ज्यादा रोजगार टेक्सटाइल फील्ड में मिला हुआ है। देशवासियों की बढ़ती क्रय शक्ति तथा ब्रांडेड प्रोडक्ट के प्रति बढ़ता आकर्षण इस बात का संकेत है कि टेक्सटाइल एंड गारमेंट इंडस्ट्री में आगे भी तेजी बनी रहेगी। बीते एक दशक में रिटेल सेक्टर के विकास ने भी साबित कर दिखाया है कि उपभोक्ताओं की लाइफस्टाइल और शॉपिंग ट्रैंड्स बदल गए हैं। लोग फैशन और क्वॉलिटी प्रोडक्ट को ज्यादा तरजीह देने लगे हैं। ब्रांडेड प्रोडक्ट्स और एक्सपोर्ट की डिमांड बढ़ने से इस सेक्टर को विकास करने का मौका मिल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 तक भारतीय टेक्सटाइल बाजार करीब दोगुना हो जाएगा। यही कारण है कि युवाओं के लिए टेक्सटाइल के सभी सबसेक्टर्स - टेक्सटाइल्स एंड अपेरल, हैंडीक्राफ्ट, सोफिस्टिकेटेड मिल, हैंडलूम, जूट और सेरिकल्चर में काम की संभावनाएं तेजी से बढ़ेंगी। इसके अलावा, सरकार द्वारा इंडिया हैंडलूम प्रमोशन जैसी योजना शुरू किए जाने और इस सेक्टर में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से भी इस क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर रोजगार में लगातार इजाफा होता रहेगा।

## काम के अवसर

देश में गारमेंट, फैशन, ज्वेलरी, लगेज, एक्सेसरी, होम फर्निशिंग व इंटीरियर टेक्सटाइल का बाजार दिनो-दिन बढ़ रहा है, जहां टेक्सटाइल डिजाइनर्स के लिए ढेर सारे नए अवसर मौजूद हैं। ऐसे प्रोफेशनल्स की विदेश के अलावा गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों, फैशन डिजाइनिंग एजेंसियों, एक्सपोर्ट हाउस और टेक्सटाइल रिटेल जैसी फील्ड में काफी मांग है। सरकार की मदद से चल रही खादी, जूट, सिल्क और क्राफ्ट जैसी संस्थाओं में भी डिजाइनिंग प्रोफेशनल्स के लिए अच्छे अवसर हैं। ऑटोमोटव टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल सेक्टर का एक नया उभरता क्षेत्र है, जहां मोटर निर्माण कंपनियां अपनी कारों के इंटीरियर को अपीलिंग लुक देने के लिए ऐसे डिजाइनर्स की खूब सेवाएं ले रही हैं। इसके अलावा, अगर आप टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं, तो एग्रीकल्चर फील्ड में रेशम उत्पादन और कपास उत्पादन को बढ़ाने के लिए रिसर्चर की भूमिका अदा कर सकते हैं। युवा चाहें, तो डिजाइनिंग का काम पार्ट-टाइम कर सकते हैं। आप अपना खुद का बुटीक भी खोल सकते हैं। ई-कॉमर्स कंपनियों में भी क्रिएटिव लोगों को हायर किया जाता है। आप चाहें, तो ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए वेंडर भी बन सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

टेक्सटाइल डिजाइनिंग में डिग्री, डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के रूप में कई कोर्स आजकल संचालित हो रहे हैं। ये कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं। ग्रेजुएशन के बाद आप पीजी डिप्लोमा भी कर सकते हैं। अगर चाहें, तो टेक्सटाइल इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक कोर्स भी कर सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली




# दूरसंचार उद्योग में कॅरियर

**भारतीय मोबाइल अर्थव्यवस्था विशिष्ट रूप से तीव्र गति से विकासशील है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसके महत्वपूर्ण योगदान करने की संभावना है। बोस्टन कंन्सल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व में चौथी सबसे बड़ी ऐप अर्थव्यवस्था है। आपने देखा होगा कि ऐप किस तरह ऐप संचार, खरीददारी के हमारे तरीके में बदलाव ला रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 तक भारत, विश्व के 4.7 बिलियन इंटरनेट प्रयोक्ताओं में से 700 मिलियन प्रयोक्ताओं वाले अग्रणी देश के रूप में उभरकर सामने आएगा।**

दूरसंचार क्षेत्र के विकास का श्रेय हमारी सरकार की उदार एवं प्रोत्साहनशील नीतियों और उद्योग समूहों को जाता है, जिन्होंने इस क्षेत्र में निवेश को वरीयता दी। दूरसंचार उद्योग में तकनीकी एवं प्रबंधकीय दोनों तरह के रोजगार उपलब्ध हैं।

**नेटवर्क प्रबंधन -** बेस स्टेशन सेवा, कोर नेटवर्क, क्षेत्रगत रखरखाव, ट्रांसमिशन, ऑप्टिकल फाइबर, ब्रॉडबैंड संस्थापन, नेटवर्क सुरक्षा आदि।

**अनुप्रयोग विकास -** मोबाइल एप्लीकेशन्स/गेम्स/ऐप डेवलपर, हैंडसेट सॉफ्टवेयर डेवलपर, ऐम्बैडेड हार्डवेयर डेवलपर, नेटवर्क सॉफ्टवेयर डेवलपर आदि।

बैकग्राउण्ड/पैसिव अवसंरचना - प्रयोक्ताओं का ऐसी अवसंरचनाओं से सीधा संबंध नहीं होता किंतु दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने में यह महत्वपूर्ण होती हैं। इनमें ट्रांसमिशन टावर, रेडियो फ्रिक्केंसी आदि शामिल होती हैं।

**तकनीकी सेवा समर्थन-** इन कार्यों में स्थल पर तथा स्थल से बाहर समर्थन देना और दोषनिवारण शामिल हैं।

उक्त सेवाओं का ध्यान रखने के लिए दूरसंचार कंपनियों को ऐसे कुशल तकनीशियनों की आवश्यकता होती है जिनकी तकनीकी विशेषज्ञता किसी नियमित डिग्री या योग्यता से अधिक महत्व रखती है। उच्च दायित्वों के लिए कंपनियों को ऐसे स्नातक इंजीनियरों की आवश्यकता होती है जो यांत्रिक, वैद्युत या दूरसंचार इंजीनियरी में प्रशिक्षित होते हैं। यांत्रिक तथा वैद्युत इंजीनियरी पाठयक्रम बहुत पहले से उपलब्ध हैं। दूरसंचार इंजीनियरी पाठ्यक्रम, आवश्यकता उत्पन्न होने और दूरसंचार की प्रौद्योगिकी का विकास होने पर बाद में प्रारंभ किए गए। अधिकांश इंजीनियरी संस्थानों में दूरसंचार इंजीनियरी इलेक्ट्रॉनिकी के एक युग्मक के साथ पढ़ाई जाती है, तथापि, ऐसे संस्थान भी हैं जो दूरसंचार इंजीनियरी को विशेष डिग्री के रूप में पढ़ाते हैं। इन दोनों पाठ्यक्रमों की करवेज के बीच बहुत भिन्नता नहीं है और उम्मीदवार पाठ्यक्रम की गुणवत्ता के आश्वासन तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और/या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) जैसे विनियामक निकायों द्वारा मान्यता के आधार पर इनमें से कोई भी पाठ्यक्रम चुन सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार इंजीनियरी में दूरसंचार उपस्करों और नेटवर्क की डिजाइनिंग से संबंधित विभिन्न सिद्धांतों और व्यावहारिक पहलुओं का अध्ययन निहित होता है। इलेक्ट्रॉनिक एवं दूरसंचार इंजीनियर एकीकृत सरकिट घटकों, आदि के प्रोटोटाइप का विकास करते हैं। पाठ्यक्रम में सेमिकंडक्टर उपस्कर, नेटवर्क सिद्धांत, सिग्नल्स तथा सिस्टम्स डिजिटल लॉजिक, एनालॉग सर्किट्स की डिजाइनिंग, एंटेना और प्रोपेगेशन, राडार एवं रेडियो नेवीगेशन साधन, संचार प्रणालियां और तकनीकें, इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म, ट्रांसमिशन तकनीकें आदि विषय शामिल किए जाते हैं। पाठ्यक्रम की अवधि 4 वर्ष है और उम्मीदवारों को बी.ई.,बी.टेक या बीएससी (इंजीनियरी) डिग्री प्रदान की जा सकती है। इंजीनियरी में कोई स्नातक पाठयक्रम 10+2 के बाद किया जा सकता है। विभिन्न पॉलिटेकनीकों द्वारा चलाए जा रहे तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना दूरसंचार इंजीनियरी अध्ययन का एक अन्य विकल्प है, जिसके लिए उम्मीदवार एसएससी उत्तीर्ण होने चाहिएं। ये पॉलिटेक्नीक सामान्यत- राज्य सरकारों द्वारा स्थापित किए जाते हैं। इनमें पाठ्यक्रम शुल्क कम होता है। डिप्लोमा करने के बाद आपको दो विकल्प होते हैं। या तो आप कार्य कर सकते हैं या स्नातक इंजीनियरी पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं जिसके लिए कुछ इंजीनियरी कॉलेजों में कोटा प्रदान किया जाता है।

दूरसंचार में इंजीनियरी योग्यता पूरी करने के बाद दूरसंचार प्रबंधन में विशेषज्ञता वाला एमबीए पाठ्यक्रम करना दूरसंचार उद्योग में संकेंद्रित कॅरिअर बनाने का एक माध्यम है। बड़ी दूरसंचार कंपनियां एंट्री लेवल के इंजीनियरी एवं प्रबंधकीय पदों की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए अधिकांशत- कैम्पस प्लेसमेंट पर निर्भर होते हैं।



## प्रमुख संस्थान

- एमआईटी दूरसंचार प्रबंधन स्कूल, पुणे।
- एमिटी दूरसंचार प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, पुणे।
- अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे।
- सिम्बियोसिस दूरसंचार प्रबंधन संस्थान, पुणे।
- क्षेत्रीय प्रबंधन कॉलेज, भुवनेश्वर, उड़ीसा।
- बालाजी दूरसंचार एवं प्रबंधन संस्थान, पुणे।



# समाज-कार्य में करियर के आयाम

आज दुनिया में हजारों की संख्या में स्वयंसेवी संस्थाएँ मानवीय, सामाजिक, पर्यावरण संबंधी समस्याओं के समाधान में जुटी हुई हैं और संस्थानों को बड़ी संख्या में ऐसे लोगों की आवश्यकता है, जिनमें न केवल सेवा का जज्बा हो बल्कि संबंधित क्षेत्र की जानकारी भी हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली संस्थाएँ, जैसे यूनीसेफ, यूएनडीपी, वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड, रेडक्रॉस, लायंस क्लब,क्राई तो हर साल भारतीय एक्सपर्ट की तलाश में बड़े शहरों में सेमिनार का आयोजन करते हैं। कई संस्थाओं में निदेशक, उपनिदेशक, प्रोग्राम ऑफिसर, टीम लीडर जैसे पदों पर अच्छे वेतनमान के साथ नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा अन्य कई क्षेत्र हैं, जिसमें छात्रों को को-ऑर्डिनेटर, सर्वे ऑफिसर एवं पब्लिक रिलेशन ऑफिसर जैसे पदों पर काम करने का मौका मिलता है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का मौका मिलता है।

समाज कार्य का अर्थ लोगों को उनकी प्रतिदिन की सामाजिक समस्याओं का हल खोजने में मदद करना है। वर्तमान में समाज कार्य की अवधारणा में व्यापक परिवर्तन आया है। यह कार्य केवल दया या परोपकार की भावना से ही नहीं जुड़ा है बल्कि रोजगार के रूप में भी युवाओं को बहुत आकर्षित कर रहा है। जिन छात्रों की रुचि कॅरियर के साथ-साथ समाजसेवा भी है।

अक्सर लोग समाजशास्त्र एवं समाज-कार्य को एक ही समझ लेते हैं। हालाँकि समाज-कार्य का अधिकांश ज्ञान समाजशास्त्रीय सिद्धांतों से लिया गया है, लेकिन समाजशास्त्र जहाँ मानव-समाज और मानव-संबंधों के सैद्धांतिक पक्ष का अध्ययन करता है, वहीं समाज-कार्य इन संबंधों में आने वाले अंतरों एवं सामाजिक परिवर्तन के कारणों की खोज क्षेत्रीय स्तर पर करने के साथ-साथ व्यक्ति के मनोसामाजिक पक्ष का भी अध्ययन करता है। समाज-कार्य करने वाले का आचरण विद्वान की तरह न होकर समस्याओं में पेशेवर के ज़रिये व्यक्तियों, परिवारों, छोटे समूहों या समुदायों के साथ संबंध स्थापित करने की तरफ़ उन्मुख होता है।

आज दुनिया में हजारों की संख्या में स्वयंसेवी संस्थाएँ मानवीय, सामाजिक, पर्यावरण संबंधी समस्याओं के समाधान में जुटी हुई हैं और संस्थानों को बड़ी संख्या में ऐसे लोगों की आवश्यकता है, जिनमें न केवल सेवा का जज्बा हो बल्कि संबंधित क्षेत्र की जानकारी भी हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली संस्थाएँ, जैसे यूनीसेफ, यूएनडीपी, वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड, रेडक्रॉस, लायंस क्लब,क्राई तो हर साल भारतीय एक्सपर्ट की तलाश में बड़े शहरों में सेमिनार का आयोजन करते हैं। कई संस्थाओं में निदेशक, उपनिदेशक, प्रोग्राम ऑफिसर, टीम लीडर जैसे पदों पर अच्छे वेतनमान के साथ नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा अन्य कई क्षेत्र हैं, जिसमें छात्रों को को-ऑर्डिनेटर, सर्वे ऑफिसर एवं पब्लिक रिलेशन ऑफिसर जैसे पदों पर काम करने का मौका मिलता है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का मौका मिलता है।

इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए देश में कई संस्थानों में पूर्णकालिक एवं अंशकालिक कोर्स की व्यवस्था है। इसमें मास्टर डिग्री, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स, तीन तरह के पाठ्यक्रम हैं। मास्टर डिग्री के लिए छात्र की योग्यता किसी संकाय में स्नातक होना अनिवार्य है, जबकि एकवर्षीय पीजी डिप्लोमा के लिए भी योग्यता इसी के समकक्ष होनी चाहिए। सर्टिफिकेट कोर्स के लिए छात्र का बारहवीं पास होने के साथ इस क्षेत्र में अनुभव होना आवश्यक है। कई संस्थान समाज कार्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु भर्ती परीक्षा का भी आयोजन करते हैं।

सामाजिक कार्य क्षेत्र में आप निजी और सरकारी कंपनियों में कार्मिक अधिकारी समुदाय संगठनकर्ता या समन्वयक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि पदों पर भी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके जरिए आप सामाजिक कार्य के प्रति समर्पित भी हो सकते हैं। व्यावसायिक सामाजिक कार्यकर्ता बनने के लिए आपको मानव संसाधन प्रबंधन, अपराध विज्ञान और सुधारात्मक प्रशासन, चिकित्सक और मनोचिकित्सक, सामाजिक कार्य, परिवार और बाल कल्याण, ग्रामीण और शहरी सामुदायिक विकास और स्कूल सामाजिक कार्य जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण करना आवश्यक है।



# मूर्तिकला में गढ़ें सुनहरा भविष्य

**अपने घरों में सजावट के लिए ही सही, लोगों में मूर्तियों के प्रति मोह बढ़ रहा है, जिसने विभिन्न तरह की मूर्तियों की मांग में काफी इजाफा किया है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक, पिछले 20 वर्षों में मूर्तियां बनाने वालों की संख्या लगभग 15 गुना बढ़ी है। इनमें पारंपरिक रूप से मूर्ति बनाने का काम करने वाले करीब पांच प्रतिशत हैं, वहीं इस क्षेत्र में डिग्री लेने वालों की संख्या लाखों में है। ऐसे युवाओं के लिए मूर्तिकला स्वरोजगार का अच्छा जरिया बन सकती है।**

बदलते परिवेश में घर, दफ्तर, होटल, पार्क सभी जगह यह कला सजावट का एक बेहतरीन माध्यम होकर उभर रही है। यह कला त्रिआयामी होती है। इसलिए इसके माध्यम से किसी भी समस्या को बेहतर तरीके से प्रकट किया जा सकता है। कलाकार अपनी कला और मेहनत के बल पर अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इस कला का बीता समय जितना पुराना और खूबसूरत रहा है, उतना ही बढ़िया भविष्य भी इसमें है। देश में तो इस कला की मांग बढ़ी ही है इसके अलावा विदेशों में भी इसकी अच्छी-खासी मांग है। एक-एक मूर्ति एक लाख रुपए से लेकर करोड़ों रुपए तक में बिकती है।

## कोर्स

मूर्तिकला के क्षेत्र में स्नातक स्तर से कोर्सेज कराए जाते हैं। इनमें यूनिवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन द्वारा स्नातक स्तर पर चार वर्षीय कोर्स बीवीए का होता है और स्नातकोत्तर स्तर पर दो वर्षीय कोर्स एमवीए का होता है। ऐसे ही आल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन यानी एआईसीटीई द्वारा स्नातक स्तर पर चार वर्ष में बीएफए और स्नातकोत्तर स्तर पर दो वर्ष में एमएफए की डिग्री हासिल की जा सकती है। एमवीए और एमएफए के बाद अगर आप चाहें तो पीएचडी भी कर सकते हैं।

## योग्यता

स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए तो आपका कम से कम बारहवीं पास होना जरूरी है, जबकि स्नातकोत्तर करने के लिए बीवीए या बीएफए होना जरूरी होता है।

## प्रवेश

स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा देनी होती है, जो कहीं-कहीं केवल लिखित होती है और कहीं-कहीं लिखित और मौखिक, दोनों रूपों में ली जाती है। इन परीक्षाओं द्वारा मूर्तिकला में आपकी रुचि, धातुओं, पत्थरों और मिट्टी की जानकारी आदि के अलावा आपकी कलात्मक क्षमता और उसके विकास की संभावनाओं का पता लगाया जाता है।

## फीस

कॉलेजों में करीब पांच हजार से लेकर 20 हजार तक में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के लिए आठ हजार से लेकर 25-26 हजार तक वार्षिक फीस ली जाती है। कुछ प्राइवेट संस्थान भी प्रशिक्षण देते हैं, जिनमें 10 से लेकर एक लाख रुपए तक फीस वसूली जाती है।

## संभावनाएं

एक नया कलाकार जिसे कला की ठीक-ठाक समझ है वह शुरूआत में कम से कम 15 से 20 हजार रुपए महीने तक आसानी से कमा सकता है। अधिकतम की तो कोई सीमा ही नहीं है। दरअसल पर्यटन के लिहाज से भारत लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। विदेशी पर्यटकों को लुभाने के लिए होटलों व लॉज में भारतीय कला का प्रयोग बढ़-चढ़कर हो रहा है। ऐसे में बिल्डर्स मूर्तिकारों की मदद लेते हैं। फव्वारे, दीवारों और सीलिंग पर नक्काशी करवाने के लिए ठेके पर इन्हें रखा जाता है। इनके हुनर के मुताबिक इनकी कमाई लाखों में होती है।कई बिल्डर तो स्थाई तौर पर अपने यहां इनकी नियुक्ति भी करते हैं। बुद्ध, गणेश, फीमेल फीगर व सामाजिक समस्याओं को दशार्ते मॉडल लोगों को बेहद पसंद हैं। ऐसे कलाकार जो पारंपरिक कला को नया लिबास या यूं कहें कि ग्लैमर लुक देने में माहिर हैं, उनके लिए यह क्षेत्र कॅरियर का एक बेहतर विकल्प है। भारतीय मूर्तिकारों में देसी और विदेशी ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी से भी इनके काम को बढ़ावा मिला है। बहुत से निर्यातक मूर्तिकारों की कलाकृतियों को विदेश भेजकर कमाई करते हैं, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा मूर्तिकारों को भी दिया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### खड़गे ने मेडल जीतने पर मनु को दी बधाई



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने निशानेबाज मानु भास्कर को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। श्री खड़गे ने कहा भारत ने अपने ओलंपिक अभियान की शुरूआत सुयोग्य पदक के साथ की है। महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर मनु भास्कर को हमारी बधाई। उन्होंने कहा आपकी उपलब्धि आपके असाधारण कौशल और दृढ़ता का प्रमाण है। हमें आप पर बेहद गर्व है। यह महत्वपूर्ण अवसर अनगिनत युवा एथलीटों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करे। कांग्रेस पार्टी ने भी 'एक्स' पर कहा पेरिस ओलंपिक के वीमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में मनु भास्कर ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है।वह शूटिंग में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। पूरे देश को मनु पर गर्व है।

### सुक्खू ने मनु को कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को पेरिस ओलंपिक - 2024 में देश की बेटी मनु भाकर ने 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। श्री सुक्खू ने कहा कि मनु भाकर ने पदक जीत कर दुनिया में भारत को गौरवान्वित किया है। यह हम सबके लिए गौरव का विषय है। मैं मनु और उनके परिजनों को बधाई देता हूं तथा उनके लिए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

### ओलम्पिक में पदक जीतना पूरे देश लिए गौरव की बात : मिश्र




**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने पेरिस ओलंपिक-2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर पहली भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर को बधाई दी है। श्री मिश्र ने कहा कि ओलंपिक खेलों में शूटिंग में पदक जीतने वाली मनु महिलाओं के लिए ही नहीं सम्पूर्ण देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। यह पूरे देश के लिये गौरव की बात है।

### अश्विनी और तनिषा क्रैस्टो पहले मैच में हारी




पेरिस। पेरिस ओलंपिक के महिला युगल बैडमिंटन में भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो की शुरूआत अच्छी नहीं रही। ग्रुप सी के पहले मुकाबले में इस भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा है। अश्विनी और तनिषा को दक्षिण कोरिया की किम सो यियोंग और कोंग ही योंग ने सीधे गेम में हराया। अश्विनी और तनिषा 44 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21 10-21 से हारीं। इन दोनो ने अच्छी शुरूआत की और पहले गेम में कोरियाई जोड़ी को कड़ी टक्कर दी पर ये दोनो ही इसके बाद अपनी लय बरकरार नहीं रख पाने के कारण मुकाबला हार गयीं। पहले सेट में स्कोर 4-4 से बराबर था. लेकिन, इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने लगातार चार अंक हासिल किए और स्कोर कोरियाई टीम के पक्ष में 9-5 हो गया. पोनप्पा और कास्त्रो की भारतीय जोड़ी ने अपने स्मैश से विरोधियों के शरीर पर लगातार हमला करने की कोशिश की और पहले सेट में अंतराल तक अंतर को 11-8 तक कम कर दिया। भारतीय जोड़ी का खेल स्मैश पर निर्भर था, लेकिन कोरियाई जोड़ी पूरे मैच के दौरान कोर्ट पर अपने प्लेसमेंट और तेज रिटर्न के साथ शानदार थे जिसका भारतीय खिलाड़ियों के पास जवाब नहीं था। अब इस जोड़ी का का अगला मुकाबला सोमवार को जापान की चिहारू शिदा और नामी मात्सुयामा से होगा।

### मुक्केबाज प्रीति पवार प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची




पेरिस। भारतीय महिला मुक्केबाज प्रीति पवार पेरिस ओलंपिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं हैं। प्रीति ने 54 किग्रा भार वर्ग में पहले दौर के मुकाबले में वियतनाम की वो थी किम अन्ह को 5-0 से हरा दिया। अब दूसरे दौर में उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त कोलंबिया की येनी एरियास से होगा। वियतनामी मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में प्रीति हावी रहीं। शुरूआत में उन्हें कुछ मुश्किल हुई पर एक बार लय मिलने पर प्रीति ने जमकर हमला बोला। इस मुक्केबाज ने पिछले साल हांगझाऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता और अपनी पहली विश्व चैम्पियनशिप में भी भाग लिया था। अब उनका लक्ष्य ओलंपिक पदक जीतना रहेगा।

# भारत की स्टार शूटर रमिता जिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में बनाई जगह

**एलावेनिल वलारिवान चूकीं, बलराज पंवार पुरुष एकल स्कल्स के क्वार्टरफाइनल में**





नई दिल्ली। एजेंसी

पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी के खेल से भारत के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीदें प्रबल हो गई हैं। भारत की स्टार शूटर रमिता जिंदल इतिहास रचते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई हैं। रविवार को खेले गए क्वालिफिकेशन राउंड में रमिता पांचवें स्थान पर रहीं। उन्होंने 631.5 के स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। रमिता ने क्वालिफिकेशन राउंड की सभी छह सीरीज में 104 से ऊपर का स्कोर किया। उन्होंने छह सीरीज में 104.3, 106.0, 104.9, 105.3, 105.3, 105.7 का स्कोर बनाया। इसी स्पर्धा में भारत की एक और एथलीट एलावेनिल वलारिवान 630.7 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं।

**रोइंग में बलराज पंवार ने दिखाया दम**

भारत के स्टार रोवर बलराज पंवार रोइंग इवेंट के पुरुष एकल स्कल्स वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। 25 वर्षीय बलराज रेपेचेज 2 में 7:12.41 का समय लेकर मोनाको के क्वेंटिन एंटोगनेली के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की एकल स्कल्स के रेपेचेज में 7:12.41 सेकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहे। एंटोगनेली ने 7:10.00 के समय के साथ पहले स्थान पर रहे। बलराज अब मंगलवार को अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे। इससे पहले शनिवार को बलराज के पास क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने का मौका था, लेकिन ओलंपिक अभियान में उनकी शुरूआत अच्छी नहीं रही। शनिवार को पहली हीट रेस में बलराज पंवार चौथे स्थान पर रहे। बलराज ने 7:07:11 मिनट का समय निकाला और अपनी हीट में छह प्रतियोगियों में से चौथे नंबर पर रहे।

उसके बाद बलराज के पास आगे के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका था। बलराज ने रविवार को रेपेचेज 2 में 7:12.41 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहकर क्वालीफाई किया है।

## मुक्केबाजी : निखत जरीन ने प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



पेरिस। एजेंसी

भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन ने रविवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्जर पर 5-0 की जीत दर्ज करते हुए महिलाओं के 50 किग्रा स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राउंड ऑफ 32 में मुकाबले की शुरूआत में जर्मनी की मुक्केबाज निखत पर हमलावर रही। हालांकि इस दौरान भारतीय मुक्केबाज ने भी कुछ जोरदार पंच लगाए लेकिन पहले राउंड के बाद जजों का फैसला 3:2 से क्लोएट्जर के पक्ष में रहा। निखत ने दूसरे राउंड के शुरूआती सेकेंड से ही हमलावर रुख अख्तियार किया। नियमों को न मानने के लिए दोनों मुक्केबाजों के एक-एक अंक काटे गए, लेकिन निखत ने मैच को अपने पक्ष में कर लिया और दूसरे राउंड में सर्वसम्मत जीत हासिल कर की। दो बार की विश्व चैंपियन तीसरे राउंड में भी हावी रही शुरूआती दो मिनट के बाद वापसी करते हुए निखत ने जीत दर्ज की। निखत का मुकाबला अब एक अगस्त को प्री क्वार्टर फाइनल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त वू यू से होगा। उल्लेखनीय है कि वू यू 52 किग्रा में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं और एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल का मुकाबला (51 किग्रा) में 30 जुलाई को जाम्बिया के पैट्रिक चिनेम्बा से होगा वही महिला मुक्केबाज जैस्मीन लेम्बोरिया 57 किग्रा वर्ग में टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता फिलीपींस की नेस्टी पेटेसियो से मुकाबला करेगी।

## मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला महिला टेबल टेनिस के दूसरे दौर में



पेरिस। एजेंसी

भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में महिला टेबल टेनिस स्पर्धा में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को मात देकर अगले दौर में जगह बना ली है। भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने महिला एकल वर्ग के मुकाबले में ब्रिटेन की अन्ना हर्सी को 4-1 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। आज यहां मनिका ने मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 11-8, 12-10, 11-9, 9-11, 11-5 से मुकाबला जीत लिया। इसकी के साथ वही महिला एकल वर्ग में राउंड ऑफ 32 में पहुंच गई है। वह राउंड ऑफ 32 में पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गई हैं। राउंड ऑफ 32 में मनिका बत्रा का मुकाबला भारतीय मूल की फ्रांसीसी खिलाड़ी पृथिका पावड़े से होगा। इससे पहले भारत की उभरती टेबल टेनिस स्टार श्रीजा अकुला ने पेरिस ओलंपिक में राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टीना कल्बर्ग पर जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीजा ने आक्रामक शुरूआत करते हुए बढ़त बनाई। इसके बाद पहला गेम 11-4 से, दूसरे गेम में 9-11 से, तीसरा गेम 11-7 से जीता और आखिरी गेम को 11-7 से जीतकर दर्ज वह अगले दौर में पहुंच गई।

# श्रीलंका ने पहली बार जीता महिला एशिया कप का खिताब



- फाइनल में भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया

दांबुला। एजेंसी

श्रीलंकाई महिला टीम ने महिला एशिया कप 2024 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में श्रीलंका ने भारतीय महिला टीम को आठ विकेठ से हरा दिया। फाइनल में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 165 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने 18.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाकर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रीलंका ने पहली बार महिला एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम की है। सबसे ज्यादा बार यह टूर्नामेंट भारतीय महिला टीम ने जीता है। भारतीय टीम ने सात बार महिला एशिया कप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। एक बार बांग्लादेश ने यह टूर्नामेंट जीता है। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

श्रीलंका की सलामी बल्लेबाज विष्मी गुणारत्ने एक रन बनाकर रन आउट हो गईं। गुणारत्ने के आउट होने के बाद कप्तान चामरी अटापट्टू और हर्षिता समरविक्रमा ने पारी को संभाला और छह ओवर के बाद श्रीलंका का स्कोर एक विकेट पर 44 रन पहुंचाया। श्रीलंका का दूसरा विकेट कप्तान अटापट्टू का गिरा। अटापट्टू ने 43 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 61 रन बनाए। इसके बाद श्रीलंका का और कोई विकेट नहीं गिरा। टीम ने 18.4 ओवर में 8 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। हर्षिता समरविक्रमा ने 51 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से शानदार 69 रन की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। कविशा दिलहारी ने 16 गेंदों पर 2 छक्के और एक चौके की मदद से नाबाद 30 रन बनाए। भारतीय टीम की ओर से दीप्ति शर्मा को एक मात्र विकेट मिला।

इससे पहले फाइनल में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 47 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 60 रन बनाए। मंधाना के अलावा अन्य भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। शेफाली वर्मा 19 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हुईं।

उमा छेत्री 9 रन और कप्तान हरमप्रीत कौर 11 रन बनाकर आउट हुईं। अंतिम के ओवरों में जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष ने जरूर तेजी से रन बटोरे। जेमिमा ने 16 गेंदों पर तीन चौके एक छक्के की मदद से 29 रन और रिचा ने 14 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए। इन दोनों की तेज पारी के दम पर भारतीय टीम का स्कोर 165 रन तक पहुंच पाया। श्रीलंका की ओर से कविष्का दिलहारी ने दो विकेट लिए, जबकि सचिनी निसंसाला, उदेशिका प्रबोधनी और चामरी अटापट्टू ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

## वाणिज्य

### विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़कर 670.9 अरब डॉलर पर



मुंबई। एजेंसी

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़कर 670.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.7 अरब डॉलर की रिकॉर्ड बढ़त के साथ 666.9 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 588.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.33 अरब डॉलर का इजाफा लेकर 59.9 अरब डॉलर हो गया।

आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 9.5 करोड़ डॉलर की तेजी आई और यह बढ़कर 18.21 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि पिछले सप्ताह के 4.61 अरब डॉलर पर स्थिर रही।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्तहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.35 प्रतिशत उतरकर 76.44 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, लंदन ब्रेंट क्रूड भी 1.52 प्रतिशत की तेजी लेकर 82.36 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### मनोज मित्तल ने संभाला सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार

नयी दिल्ली। एजेंसी

मनोज मित्तल ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार संभाला है। यह जानकारी सिडबी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। केंद्र सरकार ने इससे पहले श्री मित्तल को सिडबी के सीएमडी पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया था। श्री मित्तल को वित्त क्षेत्र में 33 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। इस अवधि में उन्हें भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (आईएफसीआई) में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी तथा सिडबी में उप प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य करने का भी अनुभव है।

सिडबी की स्थापना 02 अप्रैल 1990 में की गयी थी। इसका मुख्यालय लखनऊ में है और इसके कार्यालय देश में विभिन्न जगहों पर स्थापित किए गए हैं। यह लघु उद्योग क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास तथा इसी तरह की गतिविधियों में लगी अन्य संस्थाओं के कार्यों में समन्वयन के लिए प्रमुख वित्तीय संस्था है।

### खाद्य तेल और दालों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन का रुझान मिश्रित रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 36 रिंगिट बढ़कर4043 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.6 सेंट की गिरावट के साथ 43.92 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

### फेड रिजर्व की बैठक के निर्णय का शेयर बाजार पर रहेगा असर



मुंबई। एजेंसी

चालू वित्त वर्ष के बजट में कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी किए जाने से बिकवाली का दबाव बढ़ने के बावजूद सप्ताह के अंतिम दिन हुई वैल्यू लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत चढ़े शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दर में कटौती को लेकर होने वाले निर्णय के साथ ही घरेलू स्तर पर वाहन बिक्री, औद्योगिक उत्पादन के आने वाले आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 728.07 अंक अर्थात 0.9 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 81332.72 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 303.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत मजबूत होकर 24834.85 अंक सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1446.64 अंक अर्थात 3.13 प्रतिशत चढ़कर 47706.67 अंक और स्मॉलकैप 1812.55 अंक यानी 3.5 प्रतिशत उछलकर 54294.35 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह 30-31 जुलाई को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। इस बैठक के नतीजे पर बाजार की नजर रहेगी। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों से व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही है कि वे अगले बुधवार को होने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की प्रमुख ब्याज दर को स्थिर रखेंगे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रविवार को रहे उदयपुरवाटी दौरे पर...

# धरती मां गहरी संकट में है, सभी को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत करना चाहीए पौधारोपण: शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

## संघ के पूर्व प्रचारक लक्ष्मणसिंह के जन्मोत्सव पर आयोजित सम्मान समारोह में की शिरकत

चमकता राजस्थान/सुमेर सिंह राव




**उदयपुरवाटी।** कस्बे के शाकम्भरी मार्ग पर अरावली पर्वतमाला में स्थित आनंद श्री चेतना केन्द्र पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान के वरिष्ठ प्रचारक रहे स्व. लक्ष्मण सिंह शेखावत के जन्मोत्सव पर रविवार को नारायण ग्राम सेवा प्रन्यास, टांई द्वारा जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह हुआ। प्रातः 8 बजे से शुरू हुये समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर थे। मुख्य वक्ता जयपुर के सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा थे। वही विशिष्ट अतिथि सागर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कन्हैया लाल बेरवाल थे। समारोह की अध्यक्षता नारायण ग्राम सेवा प्रन्यास, टांई के अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल ने की। प्रन्यास सचिव एवं पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत ने बताया कि समारोह में अतिथियों ने लक्ष्मण सिंह शेखावत की स्मृति में बाबा निरंजन नाथ महाराज को बालासाहब देवरस समरसता सम्मान से सम्मानित किया गया। आदर्श शिक्षक नारायण सिंह शेखावत की स्मृति में आदर्श शिक्षक सम्मान पूर्व कुलपति व कृषि वैज्ञानिक प्रोफेसर बी.आर. छीपा को एवं आभा कंवर की स्मृति में सशक्त नारी सम्मान से साध्वी डॉ. योगश्री नाथ महाराज योगीश्वर सिद्ध पीठ सरजू सागर कोट बांध को सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित जनों को 21-21 हजार रुपए, श्रीफल, शाल एवं अभिनन्दन पत्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा एंव पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि धरती मां पर गहरा संकट आया हुआ है, सभी लोगों को मिलकर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाना चाहीए। अन्य देशों की तुलना में भारतीय लोगों का पेड़ों का औसत कम है। प्रत्येक व्यक्ति को करीब पांच सौ पेड़ लगाने की जरूरत है। गत दिनों पड़ी गर्मी से लोगों को आग में झूझना पड़ा। आगामी 7 अगस्त को पूरे राजस्थान में एक साथ करोड़ों पौधे लगाये जायेगें। जिसमें सभी प्रदेश वासियों की भूमिका होनी आवश्यक है। अब हम पेड़ नही लगायेगें तो जीवन का कोई भविष्य नही है। दिलावर ने प्रचारक लक्ष्मणसिंह के बा-रे में विस्तार से उद्बोधन दिया। समारोह के मुख्य वक्ता सिविल लाईंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि देश प्रदेश सिर्फ जातियों में बंटने की ओर अग्रसर हो रहा है। सभी लोगों को जातियों में बंटने की बजाय हिंदू जाति को मानने की आवश्यकता बताई। गोपाल शर्मा ने स्व.नारायणसिंह व संघ के पूर्व प्रचारक स्व.लक्ष्मणसिंह के साथ बिताये पलों को याद करते हुये महान व्यक्तित्व के धनी बताया। समारोह को बाबा निरंजन नाथ महाराज, साध्वी योगश्री नाथ महाराज, सागर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कन्हैया लाल बेरवाल, नारायण ग्राम सेवा प्रन्यास, टांई के अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, प्रन्यास सचिव एवं पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत उर्फ लोकेशवरानंद, पूर्व कुलपति व कृषि वैज्ञानिक प्रोफेसर बी.आर. छीपा, हरियाणा राज्य के सूचना आयुक्त प्रदीप शेखावत ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.बलवन्त सिंह चिराणा, अशोक सिंह बड़ागांव ने किया।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व सांसद संतोष अहलावत, झुंझुनूं भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, पूर्व विधायक ठाकुर वीरेन्द्र प्रतापसिंह गुढ़ा, पूर्व जिला संघ चालक रामजीवन शाह, संघ के जिला सहकार्यवाह गंगाराम मौर्य, एसडीएम मोनिका सामोर, डीएसपी अनुज ढाल, एएसआई सत्यवीर सिंह, डीईओ मनोज ढ़ाका, कमलेश तेतरवाल, बीडीओं लालचंद कनवा, पीडब्ल्यूडी जेईएन श्वेता महर, उदयपुरवाटी नगरपालिका चेयरमैन रामनिवास सैनी, चिड़ावा के पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा, प्राचार्य प्रतापसिंह राठौड़, प्राचार्य डॉ.नगेन्द्रसिंह नाथावत, टैगोर संस्थान के निदेशक वीरपालसिंह शेखावत, भाजपा नेता विजेन्द्रसिंह इन्द्रपुरा, तिलक शिक्षण संस्थान चनाना के रिसाल सिंह पायल, भाजपा नेता राजेन्द्र भाम्बू झुंझुनूं, भाजपा नेता प्यारेलाल ढूंकिया, पूर्व चेयरमैन विक्रमसिंह बगड़, रविन्द्रसिंह सूरपूरा, वैद्य डॉ. चन्द्रप्रकाश गौतम चिराणा, गोवर्धनसिंह चिराना, पूर्व सरपंच भगवानसिंह बागोली, पूर्व सरपंच जनबा मोहम्मद अली टांई, चौ.रतनसिंह श्योराण पिलानी, राजकुमार मोरवाल झुंझुनूं, रामेदव जांगिड़ चिराना, मेघराज पुलकित टांई, ईश्वरसिंह राठौड़ रिटायर्ड आरएएस, विहिप के सतीश मिश्रा छापोली, खंड कार्यवाह राजेन्द्र सिंह शेखावत, विद्या भारती सीकर के बलवन्त सिंह चिराना, दिनेश धाबाई मंडावा, श्रीगैस के रामप्रताप पुलकित, राजपाल सिंह शेखावत, गायत्री परिवार के प्रहलाद गुर्जर, जगदीश सोनी पिलानी, महाबीर सैनी, तेजपालसिंह टांई, विहिप के किशन रामूका, भाजपा मंडल अध्यक्ष मदनलाल सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मणराम सैनी, पार्षद राजेन्द्र ढ़ेनवाल, संदीप सोनी, मास्टर बनवारीलाल मीणा, अशोक सैनी बाबा, व्याख्याता सुनिता गुर्जर, प्रिसिंपल सुशील रामूका, सुरेन्द्र सिंह, दशरथसिंह राव, शिशुपाल राजपुरोहित, जितेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह से पूर्व किया पौधारोपण

» जन्मोत्सव व सम्मान समारोह में शिरकत करने आये शिक्षामंत्री मदन दिलावर, विधायक गोपाल शर्मा आदि अतिथियों ने समारोह शुरू होने से पूर्व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान शिक्षामंत्री दिलावर ने फावड़ा चलाकर पौधे की सुरक्षा के लिये मिट्टी की ढाल बनाई। इस दौरान सभी ट्रस्टी मौजूद रहे। इससे पहले आनंद श्री चेतना केन्द्र पर पंडित हरिश शर्मा के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ का वाचन किया गया। समारोह के समापन पर महाप्रसादी में सभी आगन्तूकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने किया श्रमदान एकीकृत पार्क में हुआ, सफाई एवं श्रमदान, स्वच्छ धौलपुर की थीम पर कार्यक्रम



**धौलपुर से रामदास तरुण।** धौलपुर 28 जुलाई को जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी और पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने रविवार सुबह गांधी पार्क पहुंचकर सफाई की। पार्क में जगह-जगह फैली गंदगी को उठाने के साथ अधिकारियों ने लोगों से स्वच्छता बनाये रखने की अपील की अधिकारियों को पार्क की सफाई करते देख स्थानीय लोगों और बच्चे भी पार्क पहुंचे, और सफाई अभियान में जुट गए। स्वच्छ धौलपुर की थीम पर आयोजित अभियान में जिला कलक्टर की अगुआई में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने श्रमदान किया। सुबह 6 बजे से लेकर 8 तक शहर के एकमात्र गांधी पार्क में कोने- कोने सफाई की गई। पार्क में फैले प्लास्टिक उत्पाद एवं गंदगी को अधिकारियों ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ उठाकर कचरा पात्र में डाला। अधिकारियों को गंदगी साफ करते हुए देख पार्क में खेल रहे छोटे-छोटे बच्चे भी खेलना छोड़कर साफ- सफाई में जुट गए। अधिकारियों के साथ बच्चों के सफाई में शामिल होने पर उनके साथ पहुंचे अभिभावक भी सफाई करने लगे जिस पर मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बच्चों की हौसला अफजाई की।

साफ सफाई को लेकर जिला कलक्टर ने मौके पर ही नगर परिषद आयुक्त को बुलाकर शहर में कचरे की सफाई के निर्देश दिए। जिसके बाद पार्क से अधिकारियों ने गंदगी को कचरा पात्र में भरवाकर हटवाया गया। इस दौरान सार्वजनिक पार्क में सुबह सैर को आने वाले लोगों ने जिला कलक्टर एवं एसपी को सार्वजनिक पार्क में व्याप्त समस्याओं के बारे में बताया तथा उनके शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की। संवाद के दौरान लोगों ने सार्वजनिक पार्क की लाइट को ठीक करने, पार्क में आवारा जानवरों तथा बंदरों के विचरण पर रोक लगाने, पार्क में व्यायाम की मशीन तथा उपकरणों की मरम्मत करने, पार्क के सुलभ शौचालय की सफाई तथा पार्क के गेट की मरम्मत करने की मांग की। इसके साथ ही पार्क में सुबह और शाम पुलिस की गश्त करने तथा पार्क में चौकीदार की नियुक्ति करने की ओर भी लोगों ने जिला कलक्टर को अवगत कराया। इस दौरान जिला कलक्टर निधि बीटी ने कहा कि जल्द ही पार्क में सभी सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा। इसके अलावा सार्वजनिक पार्क में अन्य जन सुविधाओं को भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने पार्क में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पार्क के विकास के लिए भामाशाहों का सहयोग लेने की बात भी कही। जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि पार्क में लोगों की सुरक्षा के लिए सुबह और शाम पुलिस की गश्त की व्यवस्था रहेगी तथा सीसीटीवी कैमरा की निगरानी बढ़ाई जाएगी। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## बाड़ी प्रजापति समाज के द्वारा कार्यालय ( अथाई ) मोदी पाड़ा पर भगवान दक्ष प्रजापति महाराज का जन्मोत्सव मनाया

चमकता राजस्थान




**धौलपुर से रामदास तरुण।** जिला धौलपुर के बाडी उपखण्ड में प्रजापत समाज के द्वारा दक्ष प्रजापति महाराज जन्मदिन मनाया! गया। भगवान श्री दक्ष प्रजापति के चित्र पर रामचरण खेरे वाले, राकेश कुमार रहल वाले, नगर अध्यक्ष संतोष प्रजापति, योगेश हलवाई, नगर संगठन मंत्री कुमार पाल प्रजापति, कन्हैया लाल अध्यापक एवं दिनेश प्रजापति के द्वारा माला अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया पीतम चंद प्रजापति पूर्व जिला अध्यक्ष प्रजापति समाज जिला धौलपुर एवं सेवा निवृत प्रधानाध्यापक द्वारा भगवान दक्ष प्रजापति महाराज के जन्मोत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अन्य वक्ताओं में कन्हैयालाल वरिष्ठ अध्यापक, डॉ. सतीश चंद प्रजापति, दिनेश कुमार युवा जिला अध्यक्ष प्रजापति समाज जिला धौलपुर, हरिभजन लाल प्रधानाध्यापक द्वारा जन्मोत्सव के बारे में समाज के लोगों को जानकारी प्रदान दी गई तथा समाज के द्वारा चलाए जा रहे! प्रतिभा सम्मान समारोह सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं समाज की अन्य गतिविधियों पर भी चर्चा की गई, नवयुवक मंडल प्रजापति समाज द्वारा भगवान दक्ष प्रजापति महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम का अगले वर्ष यह कार्यक्रम बहुत ही भव्य तर- ीके से आयोजित करने पर सहमति बनी।इसके साथ ही समाज में प्रेम एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना तथा रचनात्मक कार्य करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। नवयुवक मंडल द्वारा उपस्थित सभी समाज बंधुओ को जन्मोत्सव का प्रसाद वितरण किया। नवयुवक मंडल का यह समस्त कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा। समाज के नौजवान बच्चों में समाज के लिए बहुत कुछ करने का जज्बा है अतः हमें उनका उत्साहवर्धन करते रहना आवश्यक है। कार्यक्रम में रामचरन लाल खेरे वाले, संतोष कुमार नगर अध्यक्ष बाड़ी, कुमरपाल, रामनिवास उपाध्यक्ष, राकेश कुमार ठेकेदार रहल वाले, हरिद्वारी, मेघ सिंह पेंटर, कलुआ राम, अनिल कुमार, योगेश कुमार हलवाई, दीपक कुमार, करन, विनोद, नीरज, सुमित, बबलू, लक्ष्मी, दिलीप, बिजेंद्र सिंह एवं अन्य समाज बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे! जन्म उत्सव कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतीश प्रजापति ने किया।

## डॉ मुकेश अध्यक्ष और संजय महासचिव बने




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** श्री वार्ष्णेय वैश्य स्पोर्ट्स क्लब जयपुर के चुनाव में डॉ मुकेश गुप्ता अध्यक्ष,संजय वार्ष्णेय महा सचिव,विजय गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष,कालीचरण गुप्ता,विनय गुप्ता,राजीव गुप्ता,प्रवीण गुप्ता उपाध्यक्ष,गिरीश गुप्ता कोषाध्यक्ष,सांस्कृतिक सचिव विजय गुप्ता,मुख्य खेल सचिव कमल गुप्ता,खेल सचिव मुकुल गुप्ता संगठन सचिव सत्यकुमार वार्ष्णेय,प्रचार सचिव विनय कांत गुप्ता,महिला महासचिव मीरा वार्ष्णेय,महिला सचिव मधु गुप्ता,रेणुगुप्ता,आशा गुप्ता,शिवानी गुप्ता एवम् नीता गुप्ता सहित 21 सदस्यों की कार्यकारिणी चुनी गई जिन्हें क्लब के मुख्य संरक्षक डॉ विनोद गुप्ता एवम् मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज वार्ष्णेय ने शपथ दिलायी। इस अवसर पर डॉ अनिल गुप्ता,विक्रम गुप्ता,कांता गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रबुद्धजनों के साथ बजट पर की परिचर्चा

## जनता के बीच कांग्रेसी नेताओं द्वारा सिर्फ झूठ और भ्रम फैलाने का किया जा रहा है कार्य, यह राजनैतिक बेईमानी: मनोहर लाल खट्टर

चमकता राजस्थान




**जयपुर, 28 जुलाई 2024।** केंद्रीय ऊर्जा और आवासन एंव शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय बजट पर परिचर्चा आयोजित की गई। बजट पर परिचर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए पीएम मोदी ने देश की आजादी के 75 साल के बाद के 25 साल को अमृत काल बताते हुए देश की उन्नति और विकास के लिए कार्य शुरू कर दिया है। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए महिला, युवा, किसान और गरीब के विकास के लिए इस बार बजट में नई पहल की गई है। भाजपा की नीति भी अन्तोदय की है। समाज और देश का विकास करना है तो अंतिम पंक्ति का उदय करना है। फिर चाहे वो अन्तोदय परिवार का हो, समाज का हो, जिले का हो या फिर देश का हो। हमें सब का साथ और सब का विकास की नीति पर कार्य करना होगा।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि केंद्रीय बजट को लेकर विपक्ष भ्रम फैलाने का कार्य कर रहा है। जनता के बीच कांग्रेसी नेताओं द्वारा सिर्फ झूठ और भ्रम फैलाया जा रहा है यह राजनैतिक बेईमानी है। कांग्रेस के झूठ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस ने 40 करोड लोगों को सालाना 1 लाख रूपए देने का वादा किया। इस हिसाब से कुल 40 लाख करोड़ रूपए बांटे जाते जबकि देश का बजट ही 48 लाख करोड़ रूपए का है तो यह संभव ही नहीं हो सकता था। यह कांग्रेस का आंकड़ों का झूठ है जो फैलाया गया। ऐसे में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को कांग्रेस के झूठ को उजागर करते हुए केंद्र सरकार की नीति और रीति को जन जन तक पहुंचाना चाहिए।

बजट पर परिचर्चा के दौरान कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बजट को दूरगामी सोच वाला बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में सिस्टम को सही किया, दूसरे कार्यकाल में विरासत और विकास पर कार्य हुआ और तीसरे कार्यकाल में स्पीड और स्केल पर कार्य किया जाएगा।

बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजु शर्मा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया। सांसद मंजु शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट युवा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों के सवालों पर केंद्रीय मंत्री खट्टर द्वारा जवाब दिए गए। इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, मेयर सौम्या गुर्जर, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी एंव समाज के विभिन्न वर्गों से आए प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929